# Delhi Legislative Assembly

## Winter Session

## 8th Jan, 2026

----

True [Health & Family Welfare - General Administration - Home - Industries - Labour - Land and Building - Power - Services - Social Welfare - Transport - Welfare for SC ST and OBC and Women and Child Development ].

Total Question - 20

----

### स्वास्थ्य

*41 Sh. Mohan Singh Bisht (Mustafabad):

Health & Family Welfare :-

क्या स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क ) मुस्तफाबाद विधान सभा क्षेत्र (एसी-69) के अन्तर्गत वर्ष 2020 के दंगे के दौरान शिव विहार तिराहे पर स्थित दिल्ली सरकार की डिस्पेंसरी को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था और आज भी वहां स्वास्थ्य व्यवस्था के नाम पर कुछ भी नहीं है;

ख ) क्या यह भी सत्य है कि उपरोक्त जगह पर विभाग द्वारा भविष्य में नयी डिस्पेंसरी बनाए जाने की कोई योजना प्रस्तावित है यदि हां तो पूर्ण विवरण दें; और

ग) क्या यह भी सत्य है कि उपरोक्त डिस्पेंसरी बनाये जाने में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था यदि हां तो आज तक संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई इसका पूर्ण विवरण दें?

----

### DSIIDC

*42 Mr. Tilak Ram Gupta (Tri Nagar):

Industries :-

क्या माननीय उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

क) क्या यह सत्य है कि त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लारेंस रोड औद्योगिक क्षेत्र में सभी नाले और सभी सड़कें टूटी हुई हैं और नालों के साथ—साथ सड़कों पर अवैध कब्जे हैं;और
ख) यदि हाँ, तो इन नालों और सड़कों को कब तक फिर से बनाया जायेगा और अवैध कब्जे हटाये जायेंगे ?

----

## आचार्य भिक्षु अस्पताल (ABG Hospital) में पिछले 12 वर्षों में की गई नियुक्तियों से संबंधित विवरण

***43 Sh. Harish Khurana (Moti Nagar):**

**Health & Family Welfare :-**
क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सत्य है कि आचार्य भिक्षु अस्पताल (ABGH) द्वारा रिक्त पदों को भरने हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किए गए हैं, जो Adhoc Basis अथवा Specialist के विरुद्ध किए गए;

(ख) यदि हाँ, तो कृपया तिथि-वार नियुक्तियों का पूरा ब्योरा उपलब्ध कराएँ;

(ग) क्या यह सत्य है कि कई पदों की जॉइनिंग अवधि या विस्तार अवधि पहले ही समाप्त हो चुकी है;

(घ) यदि हाँ, तो उसका विवरण दें।

(ङ) क्या इन नियुक्तियों एवं सेवाओं को भारत सरकार की Residency Scheme के अंतर्गत नियंत्रित किया जाता है;

(च) यदि हाँ, तो कृपया उस योजना एवं नियमावली की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराई जाए;

(छ) कितनी नियुक्तियों को पूर्व नियोक्ता से NOC (No Objection Certificate) प्राप्त हुआ है, संख्या वार विवरण उपलब्ध कराएँ ?

(ज) क्या यह सत्य है कि नियुक्ति ABGH के स्टाफ फिजिशियन द्वारा मेडिकल फिटनेस तथा शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति प्रमाणपत्रों के सत्यापन, मान्य DMC पंजीकरण प्रमाणपत्र एवं इंटर्नशिप पूर्णता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की शर्त पर की गई थी;

(झ) यदि हाँ, तो प्रत्येक नियुक्ति/सेवा का विवरण सूची सहित उपलब्ध कराया जाए ;

(ट) प्रत्येक चयन/नियुक्ति के लिए गठित इंटरव्यू पैनल एवं साक्षात्कारकर्ताओं के नाम व

विवरण उपलब्ध कराए जाएँ; और

ठ) क्या यह सत्य है कि विभिन्न नियुक्तियों/चयन प्रक्रियाओं के दौरान विज्ञापन में कई बार परिवर्तन या संशोधन किये गए है यदि हाँ, तो पूर्ण विवरण दें ?

----

## ओलंपिक एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों के लिए पेंशन

*44 Mr. Surya Prakash Khatri (Timarpur):

General Administration :-

माननीय मुख्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या दिल्ली सरकार भी अन्य राज्यों की भांति अर्जुन अवार्डी, द्रोणाचार्य अवार्ड एवं मेजर ध्यानचंद अवार्ड से सम्मानित ओलंपियन खिलाडि़यों के लिए पेंशन अथवा मासिक अनुदान राशि की किसी योजना पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हाँ, तो पूर्ण विवरण दें?

----

## झिलमिल इन्डस्ट्रीअल एरिया

*45 Sh. Sanjay Goyal (Shahdara):

Industries :-

क्या माननीय उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में कुल कितने औद्योगिक प्लॉट हैं, प्लॉट नंबर सहित क्षेत्रवार विवरण उपलब्ध कराया जाए;

(ख) क्या फ्रेंड्स कॉलोनी औद्योगिक क्षेत्र की वर्तमान में भूमि स्वामित्व एजेंसी (Land Owning Agency) कौन है;

(ग) झिलमिल औद्योगिक क्षेत्र में वर्तमान में नालों की सफाई, कूड़ा निस्तारण की जिम्मेदारी किस विभाग/एजेंसी के पास है;

(घ) क्या यह सत्य है कि झिलमिल औद्योगिक क्षेत्र में बड़े औद्योगिक प्लॉट्स को अवैध रूप से काटकर छोटे-छोटे प्लॉट्स में बदला जा रहा है;

(ड.) यदि हाँ, तो अब तक कितने प्लॉट्स को इस प्रकार काटा गया है तथा यह कार्य किस नियम/कानून के अंतर्गत वैध या अवैध है;

(च) इन मामलों में अब तक क्या कार्रवाई की गई है;

(छ) क्या सरकार ने अधिकृत औद्योगिक क्षेत्रों में अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण रोकने के लिए कोई विशेष नीति/कार्ययोजना बनाई है;

(ज) यदि हाँ, तो उसका विवरण दिया जाए;

(झ) क्या सरकार के पास ऐसा कोई नियम/योजना है जिसके अंतर्गत अवैध कटिंग, निर्माण एवं अतिक्रमण में संलिप्त अधिकारियों/कर्मचारियों को दंडित किया जा सके,

ताकि हर बार निर्दोष अंतिम खरीदार को नुकसान न उठाना पड़े;

(ट) यदि हाँ, तो अब तक कितने अधिकारियों पर कार्रवाई हुई है;
(ठ) झिलमिल औद्योगिक क्षेत्र में संचालित फैक्ट्रियों में से कितनी फैक्ट्रियों के पास वैध फायर सेफ्टी लाइसेंस है, पिछले 10 वर्षों का कंपनी नाम, पता एवं नवीनीकरण वर्षवार विवरण दिया जाए;
(ढ़) क्या यह सत्य है कि झिलमिल औद्योगिक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बैंक्वेट हॉल संचालित हो रहे हैं;
(ण) यदि हां, तो इन्हें किस आधार एवं किस नियम के तहत अनुमति दी गई है; और

(त) क्या औद्योगिक क्षेत्र में बैंक्वेट हॉल खोलने का प्रावधान है, पूर्ण विवरण दें?

----

## नर्सिंग होम्स के लिए 'फायर एनओसी' की अनिवार्यता और पंजीकरण संबंधी में

***46 Dr. Anil Goyal (Krishna Nagar):**

**Health & Family Welfare :-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या दिल्ली नर्सिंग होम रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत दिल्ली में चल रहे सभी नर्सिंग होम्स के लिए 'फायर एनओसी' प्राप्त करना अनिवार्य है;

ख) यदि नहीं, तो क्या 2018 के एक MS Office Nursing Home Cell, DGHS ऑफिस के Circular पर 15 मीटर तक के नर्सिंग होम्स का Registration, बिना Fire NOC के रोक दिया गया है;

ग) क्या सरकार ने रेजिडेंशियल और मिक्स लैंड यूज एरिया में चल रहे Residential/Mixed Land use नर्सिंग होम्स के लिए कोई फायर सेफ्टी गाइडलाइंस बनाई है; और

घ) यदि नहीं तो नर्सिंग होम्स जो दिल्ली मे 8-10000 बेड Door Step Service दे रहे है उनके लिये Fire Guidelines बनाकर registration प्रक्रिया को शुरू करने की कब तक उम्मीद है?

----

## भगवान महावीर अस्पताल पीतमपुरा,

***47 Mr. Karnail Singh (Shakur Basti):**

**Health & Family Welfare :-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) भगवान महावीर अस्पताल पीतमपुरा, दिल्ली में खराब मशीनों को कितने दिनों के अंदर सही करवा दिया जाएगा और जो नई चिकित्सीय मशीनें आनी है वह कब तक आ जाएगी; और

ख) इस अस्पताल के अंतर्गत किस—किस श्रेणी के कितने—कितने पद स्वीकृत हैं और उनमें से कितने पद भरे हुए हैं, कितने पद खाली हैं, खाली पड़े हुए पदों को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## पुलिस गश्त से संबंधित

*48 Sh. Ravinder Singh Negi (Patparganj):

Home :-

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि पटपडगंज विधानसभा क्षेत्र में अपराध की घटनाओं में लगातार वृद्धि देखी जा रही है जिस पर नियंत्रण हेतु नियमित एवं प्रभावी पुलिस गश्त अत्यंत आवश्यक है; और

(ख) यदि हां,तो उक्त क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं तथा भविष्य में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु क्या अतिरिक्त उपाय किए जाएंगे?

----

## मदनमोहन मालवीय अस्पताल

*49 Sh. Satish Upadhyay (Malviya Nagar):

Health & Family Welfare :-

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:

क) बढ़ती जनसंख्या व दक्षिण दिल्ली ज़िले में रोगियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए क्या सरकार का पंडित मदन मोहन मालवीय अस्पताल, मालवीय नगर में वर्तमान 100 बिस्तरों की संख्या को बढ़ाकर 250 किए जाने का कोई प्रस्ताव है; यदि हां, तो विवरण दें;

ख) पंडित मदनमोहन मालवीय अस्पताल, मालवीय नगर में सीटी स्कैन व एमआरआई सुविधाओं की वर्तमान स्थिति क्या है, क्या पूरी तरह चालू हैं, आंशिक रूप से चालू हैं या इनका परिचालन बंद है, यदि बंद है उसके कारण बताएं;

ग) दिसंबर, 2025 तक मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में कितने व्यक्तियों को आयुष्मान भारत कार्ड जारी किया गया है;

घ) अप्रेल 2025 से दिसंबर 2025 तक कुल कितने रोगियों का पंडित मदनमोहन मालवीय अस्पताल के आउट पेशेंट डिपार्टमेंट (ओपीडी) में उपचार किया गया है; और

ङ) महत्वपूर्ण सुविधाएं/आईसीयू बिस्तरों की अनुपलब्धता के कारण कितने रोगियों को पंडित मदनमोहन मालवीय अस्पताल से सफदरजंग अस्पताल या अन्य क्षेत्रीय अस्पतालों में रैफर किया गया?

----

## Health

*50 **Sh. Jitender Mahajan (Rohtas Nagar):**

**Health & Family Welfare :-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क)वर्ष 2022 से अब तक DAK (Delhi Arogya Kosh) का फायदा कितने मरीजों को मिला और इसमें कितने कैंसर के मरीज थे, वर्षवार विवरण प्रदान करें,
ख)सरकार द्वारा सरकारी एवं निजी अस्पतालों में DAK (Delhi Arogya Kosh) की सुविधा लेने के लिए क्या गाइडलाइंस जारी की गई हैं,
ग) सरकार द्वारा कितने अस्पतालों को लीज पर या सस्ते दामों पर जमीन उपलब्ध कराई गई है, इन अस्पतालों में ई.डब्ल्यू.एस. और कैंसर के लिए कितने बेड आरक्षित हैं और पिछले 5 वर्ष में कितने लोगों का इसका लाभ मिला है, पूरी जानकारी उपलब्ध कराने का कष्ट करें; और
घ) दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में कैंसर पेशेंट के लिए क्या-क्या सुविधा उपलब्ध है, उसका विवरण दिया जाए?

----

## BUS ROUTE

*51 **Smt. Neelam Pahalwan (Najafgarh):**

**Transport :-**

माननीय परिवहन मंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगे कि-

क) वर्ष 2020-2025 तक परिवहन विभाग द्वारा नजफ़गढ़ विधानसभा क्षेत्र में क्या-क्या कार्य कराये गये, पूर्ण जानकारी प्रदान करवाए;

ख) नजफ़गढ़ विधानसभा क्षेत्र से गुजरने वाले बस रूटों की विस्तृत जानकारी प्रदान करवाए;

ग) क्या यह सतय है कि नजफ़गढ़ विधानसभा में बहुत सारे स्थानों पर स्टैन्ड बहुत ही जर्जर अवस्था में हैं; और

घ) इन बस स्टंडों के सुधार के लिए सरकार की क्या नीति है, कृपया जानकारी उपलब्ध करवाए?

----

## संगम विहार विधानसभा क्षेत्र में सरकारी अस्पताल की अनुपलब्धता के संबंध में।

*52 Sh. Chandan Kumar Choudhary (Sangam Vihar):

Health & Family Welfare :-

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि संगम विहार विधानसभा जिसकी अनुमानित आबादी लगभग 10 लाख है, में वर्तमान में एक भी सरकारी अस्पताल (सरकारी सामान्य अस्पताल) उपलब्ध नहीं है;

(ख) यदि हाँ, तो इतनी अधिक आबादी होने के बावजूद क्षेत्र में सरकारी अस्पताल स्थापित न किए जाने के क्या कारण हैं;

(ग) सरकारी अस्पताल के अभाव में क्षेत्र की जनता को प्राथमिक एवं आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं हेतु किन-किन अस्पतालों/क्षेत्रों पर निर्भर रहना पड़ता है;

(घ) क्या संगम विहार विधानसभा क्षेत्र में नया सरकारी अस्पताल/मल्टी-स्पेशलिटी या सामान्य अस्पताल स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है; और

ड) यदि हाँ, तो उसकी वर्तमान स्थिति एवं संभावित समय-सीमा क्या है?

----

## देवली विधानसभा क्षेत्र में सभी मोहल्ला क्लीनिकों के बंद होने से उत्पन्न स्वास्थ्य संकट के संबंध में

*53 Sh. Prem Chauhan (Deoli):

Health & Family Welfare :-

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देवली विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने मोहल्ला क्लीनिक थे और उनमें से वर्तमान में कितने क्रियाशील (Functional) हैं;

(ख) क्या यह सच है कि क्षेत्र के 7 मोहल्ला क्लीनिक वर्तमान में बंद पड़े हैं;

(ग) यदि हाँ, तो इन क्लीनिकों को बंद करने के मुख्य कारण क्या हैं;

(घ) बंद किए गए मोहल्ला क्लीनिकों के कारण क्षेत्र की जनता को हो रही स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए सरकार द्वारा क्या कोई वैकल्पिक व्यवस्था (Alternative Arrangement) की गई है;

(ड) यदि हाँ, तो उसका विवरण दें;

(च) क्या सरकार इन बंद पड़े क्लीनिकों को पुनः संचालित करने की कोई समयबद्ध योजना रखती है; और

(छ) यदि हाँ, तो ये कब तक दोबारा शुरू कर दिए जाएंगे?

----

## सरकारी अस्पतालों, आयुष्मान मंदिरों व मोहल्ला क्लीनिकों में अनिवार्य दवाओं की कमी

*54 Ms. Atishi (Kalkaji):

Health & Family Welfare :-

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:

क) दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों, आयुष्मान मंदिरों व मोहल्ला क्लीनिकों में दिसंबर 2025 में अनिवार्य दवाओं व कंज्यूमेबल्स (सर्जिकल वस्तुएं जैसे ग्लव्स, सूचर व सिरिंज सहित) कितने प्रतिशत तक उपलब्ध थे , अस्पतालवार आंकड़े प्रदान करें;

ख) लोकनायक, जीटीबी व अंबेडकर जैसे प्रमुख अस्पतालों में 'एसेंशियल ड्रग लिस्ट' (ईडीएल) में शामिल कितनी दवाइयां 'आउट ऑफ स्टॉक' या 'क्रिटिकल शॉर्टेज' की स्थिति में हैं;

ग) वर्ष 2025-26 के लिए सेंट्रल प्रोक्योरमेंट एजेंसी (सीपीए) निविदाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

घ) दवाइयों और कंज्यूमेबल्स के लिए सीपीए में एनुअल रेट कॉन्ट्रेक्टों को अंतिम रूप दिए जाने में होने वाले विलंब के क्या कारण हैं;

ङ) कितनी निविदाएं बोली लगाने वालों सफलतापूर्वक आवंटित की जा चुकी हैं, ऐसी निविदाओं की दवाओं व कंज्यूमेबल्स की सूची उपलब्ध कराएं;

च) क्या यह सत्य है कि अनेक निविदाओं को 'डिस्चार्ज' कर दिया गया या छह महीने से भी अधिक अवधि से 'प्रक्रिया जारी है' जिससे अस्पतालों के चिकित्सा निदेशकों को महंगी स्थानीय खरीद के लिए बाध्य होना पड़ा; संपूर्ण विवरण दें;

छ) 1 मार्च 2025 से 28 दिसंबर 2025 के दौरान (सीपीए से बाहर की) स्थानीय खरीद पर दिल्ली सरकार के अस्पतालों द्वारा कुल कितना खर्च किया गया;

ज) सरकार ने 500 से अधिक सभी आयुष्मान मंदिरों व मोहल्ला क्लीनिकों में 'ऑनलाइन ड्रग इनवेंटरी मेनेजमेंट सिस्टम' लागू करने के लिए क्या कदम उठाए हैं, ताकि 'स्टॉक आउट' की समस्या को रोका जा सके और दवाओं की 'एक्सपायरी' पर नज़र रखी जा सके ;

झ) सुपर स्पेश्यिलिटी अस्पतालों के ऑन्कोलौजी और कार्डियोलौजी विभागों की कमी को देखते हुए क्या सरकार ने कोई आपातकालीन उपाय किए हैं जिनसे दिल्ली आरोग्य कोष के अंतर्गत रोगियों को जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके ;

ञ) क्या सरकार ने वर्ष 2025 में सीपीए की खरीद प्रक्रिया को कारगर बनाने में असफल रहने के कारण किसी कर्मचारी या विभाग को चिह्नित किया है और क्या इस कारण जनता को होने वाली असुविधा के लिए किसी का उत्तरदायित्व निश्चित किया गया है?

----

## स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को प्रेषित पत्रों पर की गई कार्यवाही से संबंधित

*55 Sh. Vishesh Ravi (Karol Bagh):

Health & Family Welfare :-

(क) अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को लिखे गए निम्नलिखित पत्रों पर विभाग द्वारा की गई कार्यवाही का पूर्ण विवरण प्रदान करें?
पत्र संख्या नं. – 122909 / 20 / 12 / 2022 Dated – 20/12/2022.
पत्र संख्या नं. – 129231 / 22 / 5 / 2025 Dated – 22/5/2025.
पत्र संख्या नं. – 124564 / 02 / 07 / 2025 Dated – 02/07/2025.

----

## नांगलोई जाट विधानसभा में बन रहें नवनिर्मित हॉस्पिटल के विषय में

***56 श्री मनोज कुमार शौकीन (नांगलोई जाट):**

**स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण :-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या सरकार को नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र में नवनिर्मित हॉस्पिटल के निर्माण कार्य की पूर्णता की जानकारी है;

(ख) यदि हाँ, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) हॉस्पिटल के निर्माण कार्य पर अब तक कुल कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है तथा इस कार्य को शीघ्र पूर्ण करने में वर्तमान में कौन-कौन सी समस्याएँ आ रही हैं;

(घ) हॉस्पिटल में कितने बेड स्वीकृत हैं तथा कितने डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल स्टाफ के पदों की स्वीकृति प्रदान की गई है;

(ड.) क्या सरकार द्वारा हॉस्पिटल से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों के साथ निर्माण एवं संचालन की प्रगति की समीक्षा किए जाने का प्रस्ताव है;

(च) यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है; और

(छ) सरकार द्वारा यह हॉस्पिटल आम जनता के लिए पूर्ण सुविधाओं सहित कब तक प्रारंभ किए जाने की संभावना है?

----

## गृह

***57 श्री अहीर दीपक चौधरी (बादली):**

**गृह :-**

क्या माननीय गृह मंत्री  यह बताने की कृपा  किः-

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली में संघटित अपराधी गिरोह नाबालिक बच्चो का अपहरण कर अथवा उन्हें बहका कर गैर-कानूनी एवं गंभीर अपराधों जैसे-शराब तस्करी, जुआ और चोरी  में शामिल कर रहे है क्योंकि नाबालिकों पर कठोर दंडात्मक कानून लागू नहीं होते; और

ख)  यदि हाँ, तो इस समस्या से निपटने के लिए कोई कार्य योजना विचाराधीन है; पूर्ण विवरण प्रदान करे ?

----

## दिल्ली पुलिस बूथ और बीट बॉक्स से संबंधित

***58 Sh. Jarnail Singh (Tilak Nagar):**

**Home :-**

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगेः

क) वर्तमान में दिल्ली में दिल्ली पुलिस के कुल कितने बीट बॉक्स एवं पुलिस बूथ स्थापित हैं, जोन/जिला-वार उनकी संख्या, स्थान तथा प्रकार (बीट बॉक्स/पुलिस बूथ) का विस्तृत विवरण दिया जाए;

ख) दिल्ली पुलिस द्वारा इन बीट बॉक्स अथवा पुलिस बूथों के निर्माण/स्थापना के लिए किन-किन विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) प्राप्त की गई है, विशेष रूप से वर्तमान वर्ष में निर्मित/स्थापित बीट बॉक्स/पुलिस बूथों के संबंध में Land Owning Agency कौन थी, उनसे NOC कब प्राप्त की गई, तथा अन्य संबंधित विभागों से ली गई NOC का विस्तृत विवरण दिया जाए;

ग) क्या पिछले पाँच वर्षों में दिल्ली पुलिस के किसी अनधिकृत बीट बॉक्स अथवा पुलिस बूथ के संबंध में विभाग को कोई शिकायत प्राप्त हुई है;

घ) यदि हाँ, तो वर्ष-वार प्राप्त शिकायतों तथा उन पर की गई कार्रवाई का विस्तृत विवरण दिया जाए;

ड.) क्या पिछले पाँच वर्षों में ऐसे बीट बॉक्स अथवा पुलिस बूथ हटाए गए हैं, जो बिना आवश्यक अनुमति या NOC के बनाए गए थे; और

च) यदि हाँ, तो ऐसे सभी मामलों का स्थान-वार विवरण, हटाने की तिथि तथा संबंधित कार्रवाई का पूरा विवरण दिया जाए?

----

## मटियाला विधानसभा क्षेत्र में बस रूट, स्टैंड विकास, फिटनेस सेंटर एवं DL कार्यालय व्यवस्था के संबंध में

*59 Sh. Sandeep Sehrawat (Matiala):

Transport :-

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मटियाला विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कितने रूटों पर बसें संचालित की जा रही हैं; रूट नंबर एवं आवृत्ति सहित विवरण दें;

(ख) मटियाला विधानसभा क्षेत्र के बस स्टैंड/बस स्टेशनों की स्थिति क्या है, तथा उनकी मरम्मत/पुनर्विकास की क्या कोई योजना प्रस्तावित है?

(ग) यदि हाँ, तो स्थानवार विवरण उपलब्ध कराया जाए;

(घ) मटियाला विधानसभा क्षेत्र में स्थित बस स्टैंडों की सूची तथा उनकी वर्तमान स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराई जाए;

(ङ.) मटियाला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत झुलझुली में स्थित फिटनेस टेस्टिंग सेंटर (Fitness Testing Centre) पर प्रतिदिन कितने वाहनों की फिटनेस जांच की क्षमता है, सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं, स्टाफ की संख्या तथा क्षेत्रीय लोगों को होने वाले लाभ का विवरण उपलब्ध कराया जाए;

(च) मटियाला विधान सभा के द्वारका सेक्टर 10 में मोटर लाइसेंसिंग डिपार्टमेंट ऑफिस में कितने सरकारी कर्मचारी हैं तथा इसके अंदर कौन-कौन से कार्य किए जाते हैं; और

(छ) यहाँ पर कोई भ्रष्टाचार पाये जाने की स्थिति मेंं उसकी शिकायत कहां पर की जा सकती है ?

----

## एनटीपीसी-बीटीपीसी की जमीन

*60 Sh. Ram Singh Netaji (Badarpur):

Land and Building :-

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि:

(क) क्या यह सत्य है कि एनटीपीसी-बीटीपीसी की जमीन बदरपुर गाँव, आली गाँव, मोल्डबंद गाँव व् जैतपुर गाँव से बेहद कम दामो पर किसानो से बिजली बनाने के लिए अधिग्रहीत की गई थी;

(ख) क्या यह भी सत्य कि अब एनटीपीसी-बीटीपीसी में बिजली का उत्पादन का पूर्णरुप से बंद हो चुका है;

(ग) यदि हाँ, तो दिल्ली सरकार का इस जमीन पर भविष्य के लिए क्या प्रस्ताव् है; और
(घ) क्या दिल्ली सरकार की इस जमीन पर उपरोक्त गाँव के निवासियों के हित में स्कूल, कालेज, पार्क व् सपोर्ट काम्प्लेक्स बनाने की कोई योजना है ?

----

# Delhi Legislative Assembly

## Winter Session

## Questions For Oral UnStart Answer

## 8th Jan, 2026

----

True [Health & Family Welfare - General Administration - Home - Industries - Labour - Land and Building - Power - Services - Social Welfare - Transport - Welfare for SC ST and OBC and Women and Child Development ].

Total Question - 90

----

### स्वास्थ्य

174 Sh. Harish Khurana (Moti Nagar):

Health & Family Welfare:-

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय और/या भारत सरकार को अप्रेल मई 2021 के दौरान ऑक्सीजन की मांग और आवश्यकता के संबंध में किए गए सभी पत्राचार, दिए गए एफीडेविट, डेटा सबमिशन और पत्रों की प्रतियां उपलब्ध कराएं;

(ख) दिल्ली सरकार के अस्पतालों और निजी अस्पतालों द्वारा एक अप्रेल 2021 से 31 मई 2021 की अवधि के दौरान ऑक्सीजन की मांग, आवंटन और वास्तविक खपत से संबंधित आंकड़ें अस्पतालवार प्रदान करें;

(ग) दिल्ली की ऑक्सीजन मांग और उपयोग के संबंध में कोविड-19 के दौरान, रा.रा.क्षे.दिल्ली सरकार को प्राप्त उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त ऑक्सीजन ऑडिट

समिति की रिपोर्ट/अंतरिम रिपोर्ट/निष्कर्षों की प्रतियां प्रदान करें; यदि कोई अंतिम रिपोर्ट आधिकारिक रूप से प्राप्त नहीं हुई है तो ऑडिट समिति से प्राप्त कोई भी अंतरिम टिप्पणियों, प्रारूप निष्कर्षों, ईमेल, नोटस या पत्राचार की प्रतियां दें, साथ ही, अंतिम रिपोर्ट को रिकार्ड पर न लाने अथवा सार्वजनिक न करने का कारण दर्शाने वाली फाइल नोटिंग की प्रति भी प्रदान करें;

(घ) कोविड 19 की चरम स्थिति (अप्रेल-मई 2021) के दौरान दिल्ली सरकार द्वारा अनुमानित अथवा मांगी गई, केंद्र सरकार द्वारा आवंटित की गई व दिल्ली में वास्तव में खपत हुई ऑक्सीजन की मात्रा (मीट्रिक टन में) उपलब्ध कराएं;

(ङ) कोविड 19 के दौरान ऑक्सीजन की आवश्यकता का आकलन करने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा उपयोग की गई गणनाओं, फॉरमूलों, अनुमानों या पद्धतियों की प्रतियां उपलब्ध कराएं;

(च) उक्त अवधि के दौरान दिल्ली के अस्पतालों की ऑक्सीजन भंडारण क्षमता के संबंध में यदि पीईएसओ (पेटोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन) की कोई रिपोर्ट या पत्राचार हो, तो उपलब्ध कराएं;

(छ) उक्त अवधि में दिल्ली सरकार द्वारा, ऑडिट कमेटी द्वारा ऑक्सीजन की मांग को कथित रूप से बढ़ाकर दिखाए जाने संबंधी रिपोर्ट के आधार पर, की गई कोई भी आंतरिक जांच, समीक्षा या सुधारात्मक कार्रवाई यदि हो, तो उसका विवरण उपलब्ध कराएं;

(ज) उन अधिकारियों के नाम और पदनाम बताएं जो कोविड 19 के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय में ऑक्सीजन मांग से संबंधित आंकड़ों को तैयार करने, अनुमोदित करने तथा प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी थे; और

(झ) क्या गलत या भ्रामक ऑक्सीजन डेटा प्रस्तुत करने के लिए किसी अधिकारी की जवाबदेही तय की गई या उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है, यदि हां, तो उसका विवरण प्रदान करें?

----

## स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

175 **Sh. Veer Singh Dhingan (Seema Puri):**

**Health & Family Welfare:-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि सीमापुरी विधानसभा की पुनर्वास कॉलोनी नई सीमापुरी के सी-ब्लॉक में दिल्ली सरकार की कोई डिस्पेंसरी थी;

(ख) यदि हां, तो उक्त डिस्पेंसरी में रोजाना औसतन कुल कितने मारीज आते थे;

(ग) क्या यह भी सत्य है कि वर्षों पूर्व इस डिस्पेंसरी को यहां से कहीं दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है;

(घ) यदि हां, तो उक्त डिस्पेंसरी को सीमापुरी से क्यों हटाया गया;

(ड.) क्या यह सत्य है कि स्थानीय लोगों को उक्त डिस्पेंसरी के जाने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है;

(च) यदि हां, तो क्या सरकार उक्त डिस्पेंसरी को पुनः सीमापुरी के सी-ब्लॉक में बनवाने का कार्य करेगी; और

(छ) यदि हां, तो कब तक?

----

## स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

176 **Sh. Umang Bajaj (Rajendra Nagar):**

**Health & Family Welfare:-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राजेंद्र नगर विधानसभा के अंतर्गत नारायणा में क्या पिछले समय में कोई स्थानीय अस्पताल दिल्ली सरकार द्वारा बनाने की योजना स्वीकृत अथवा योजना बनाई गई थी;

(ख) यदि हां, तो किस स्थान पर यह योजना स्वीकृत की गई थी योजना के दस्तावेज उपलब्ध कराएं जाए; और

(ग) वर्तमान में इस योजना की क्या वस्तुस्थिति है इसकी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए?

----

## स्वास्थ्य

177 **Sh. Kailash Gangwal (Madipur):**

**Health & Family Welfare:-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मादीपुर विधानसभा में मादीपुर कालोनी के अन्दर सरकार 1000 बिस्तरों का सरकारी अस्पताल बना रही है, इस अस्पताल का निर्माण कार्य काफी दिनों से रूका हुआ है, क्या कारण है;

(ख) इस अस्पताल को बनाने में सरकार कितना खर्च कर रही है;

(ग) यह अस्पताल कब-तक बनकर तैयार हो जायेगा व गरीबों को कब-तक इसका स्वास्थय लाभ मिल सकेगा; और

(घ) क्या यह अस्पताल Super Specialty होगा?

----

**स्वास्थ्य**

178 **Sh. Sandeep Sehrawat (Matiala):**

**Health & Family Welfare:-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मटियाला विधानसभा क्षेत्र में कितने आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वीकृत हैं, कितने कार्यरत हैं तथा कितने अभी निर्माणाधीन हैं, स्थानवार विवरण दें;

(ख) मटियाला विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित नए स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण किया जाएगा;

(ग) मटियाला विधानसभा क्षेत्र में कौन-कौन सी स्वास्थ्य योजनाएं वर्तमान में लागू हैं तथा उनसे कितने लाभार्थियों को लाभ मिला है, योजनावार विवरण दें; और

(घ) इंदिरा गांधी अस्पताल में उपलब्ध प्रमुख चिकित्सा सुविधाओं का विवरण क्या है, अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या का भी विवरण उपलब्ध कराया जाए?

----

**स्वास्थ्य**

179 **श्री मनोज कुमार शौकीन (नांगलोई जाट):**

**स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण :-**
क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र में नवनिर्मित हॉस्पिटल के निर्माण कार्य की पूर्णता की जानकारी है;

(ख) यदि हाँ, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) हॉस्पिटल के निर्माण कार्य पर अब तक कुल कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है तथा इस कार्य को शीघ्र पूर्ण करने में वर्तमान में कौन-कौन सी समस्याएँ आ रही हैं;

(घ) हॉस्पिटल में कितने बेड स्वीकृत हैं तथा कितने डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल स्टाफ के पदों की स्वीकृति प्रदान की गई है;

(ङ) क्या सरकार द्वारा हॉस्पिटल से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों के साथ निर्माण एवं संचालन की प्रगति की समीक्षा किए जाने का प्रस्ताव है;

(च) यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है; और

(छ) सरकार द्वारा यह हॉस्पिटल आम जनता के लिए पूर्ण सुविधाओं सहित कब तक प्रारंभ किए जाने की संभावना है?

----

**स्वास्थ्य**

180 **Ms. Atishi (Kalkaji):**

**Health & Family Welfare:-**
क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली में आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना कब प्रारंभ की गई थी;

(ख) अब तक दिल्ली में कितने आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्र स्थापित किए गए हैं, सभी केंद्रों की सूची दें;

(ग) आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना के प्रारंभ से पूर्व दिल्ली में कितने मोहल्ला क्लीनिक एवं सरकारी औषधालय चल रहे थे;

(घ) इस समय दिल्ली में कितने मोहल्ला क्लीनिक एवं औषधालय चल रहे हैं;

(ङ) जिन मोहल्ला क्लीनिकों व औषधालयों को आयुष्मान आरोग्य क्लीनिकों में परिवर्तित किया गया है, उनकी कुल संख्या व नाम सहित संपूर्ण सूची प्रदान करें; और

(च) इन मोहल्ला क्लीनिकों में कितने डाक्टर, लैब तकनीशियन व अन्य कर्मचारी कार्यरत थे, मोहल्ला क्लीनिकों के बंद होने के कारण कितने कर्मचारियों को सेवाओं से हटाया गया और क्या सरकार की ओर से इन हटाए गए कर्मचारियों को आरोग्य मंदिरों या अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में नियुक्त करने का कोई प्रस्ताव है?

----

**स्वास्थ्य**

181 **Sh. Chaudhary Zubair Ahmad (Seelampur):**

**Health & Family Welfare:-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में जीटीबी तथा पंत अस्पताल के समकक्ष कार्य करने की पूरी क्षमता है, लेकिन वर्तमान में संसाधनों की कमी के कारण यह अस्पताल अपनी कुल क्षमता के लगभग एक-तिहाई पर ही संचालित हो रहा है;

(ख) क्या सरकार को इस अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की नियुक्तियों के संबंध में भ्रष्टाचार एवं प्रति पद ₹70,000 से ₹90,000 तक अवैध राशि वसूले जाने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ग) यदि हाँ, तो इन शिकायतों की जाँच के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

(घ) क्या सरकार नर्सिंग सहित अन्य नियुक्तियों को अधिक पारदर्शी एवं पेशेवर बनाने के लिए इन्हें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSUs) के माध्यम से करने पर विचार कर रही है?

----

**स्वास्थ्य**

182 **Dr. Anil Goyal (Krishna Nagar):**

**Health & Family Welfare:-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों में दिल्ली के सरकारी और निजी अस्पतालों में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के साथ मारपीट या हिंसा की कुल कितनी घटनाएं दर्ज की गई हैं, वर्षवार विवरण दें;

(ख) इन घटनाओं में से कितनी घटनाओं में अस्पताल प्रशासन द्वारा स्वयं आगे बढ़कर

Institutional FIR दर्ज कराई गई है;

(ग) डॉक्टरों और चिकित्सा संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली सरकार ने क्या Action Plan तैयार किया है; और

(घ) क्या सरकार दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए किसी विशेष सेल का गठन करने पर विचार कर रही है?

----

**स्वास्थ्य**

183 **Sh. Mohan Singh Bisht (Mustafabad):**

**Health & Family Welfare:-**
क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मुस्तफाबाद विधान सभा क्षेत्र (एसी-69) के शिव विहार के अन्तर्गत सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा बनाए गए बारात घर की उपलब्धता होने के बावजूद भी सरकारी डिस्पेंसरी न खालेने के क्या कारण हैं पूर्ण विवरण दें; और

(ख) क्या यह भी सत्य है कि उपरोक्त जगह पर विभाग द्वारा भविष्य में इस तरह की कोई योजना प्रस्तावित है, पूर्ण विवरण दें?

----

**स्वास्थ्य**

184 **Sh. Mohan Singh Bisht (Mustafabad):**

**Health & Family Welfare:-**
क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मुस्तफाबाद विधान सभा क्षेत्र (एसी-69) की घनी आबादी को देखते हुए इस क्षेत्र में सरकारी डिस्पेंसरी कहां-कहां बनाई गई और कहां-कहां पर यह कार्यरत है उनका पूर्ण विवरण अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित उपलब्ध कराएं; और

(ख) जगह की उपलब्धता होने के बावजूद भी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर न खोले जाने के क्या कारण हैं, इसका पूर्ण विवरण दे?

----

## स्वास्थ्य

**185 Sh. Chaudhary Zubair Ahmad (Seelampur):**

**Health & Family Welfare:-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सितंबर 2025 में संजय गांधी मेमोरियल, गुरु गोबिंद सिंह, आचार्य श्री भिक्षु, श्री दादा देव और भगवान महावीर अस्पतालों में उद्घाटन किए गए नए ब्लॉकों में कर्मचारियों की स्वीकृत बनाम वास्तविक संख्या क्या है, जिसमें विभागवार विशेषज्ञ डॉक्टर, जीडीएमओ, सीनियर व जूनियर नर्स, पैरामैडिकल स्टाफ, सहायक कर्मचारी जैसे सफाई व सुरक्षा कर्मचारी की जानकारी भी सम्मिलित हो;

(ख) क्या एमआरआई, सीटी स्कैन, कार्डियोलौजी और न्यूरोसर्जरी जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं विशेष जनशक्ति की कमी के कारण निष्क्रिय हैं और यदि हां, तो इन रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया और समय-सीमा की जानकारी दें;

(ग) इन ब्लॉकों के लिए कितने डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की नई भर्ती की गई है और कितने अन्य विंग से स्थानांतरित किए गए हैं;

(घ) क्या कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए इनमें से किसी भी ब्लॉक को पीपीपी मॉडल के तहत संचालित करने पर विचार किया जा रहा है;

(ङ) रिक्त स्थाई पदों को भरने के लिए यूपीएससी और डीएसएसएसबी को भेजे गए मांगपत्रों की स्थिति की जानकारी दें;

(च) क्या बढ़ी हुई बिस्तर क्षमता को देखते हुए 'नर्स टू पेशेंट' अनुपात आईएनसी मानदंडों को पूरा करता है, और

(छ) यदि नही, तो इस अंतर के क्या कारण है?

----

## स्वास्थ्य

**186 Sh. Kuldeep Kumar (Kondli):**

**Health & Family Welfare:-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में नए बहुमंजिला क्लिनिकल ब्लॉक के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है, इस परियोजना को मूलतः किस तारीख को पूरा करके अस्पताल

प्रशासन को सौंपा जाना था;

(ख) इस परियोजना के पूरा होने में विलंब के क्या कारण है, दिसंबर 2025 तक आने वाली बाधाओं, जैसे पर्यावरण मंजूरी, ठेकेदार की चूक या फंडिंग के मुद्दे आदि का वर्षवार विवरण प्रदान करें;

(ग) वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान, इस साइट पर काम की धीमी गति के संबंध में स्वास्थ्य विभाग और लोक निर्माण विभाग के बीच पत्राचार व एतद्संबंधी फाइल नोटिंग की प्रति प्रदान करें;

(घ) नए ब्लॉक की मूल स्वीकृत लागत क्या थी, विलंब के कारण लागत में कितनी वृद्धि हुई और दिसंबर 2025 तक संशोधित अनुमानित लागत क्या है;

(ङ) क्या वित्त विभाग ने संशोधित लागत अनुमानों पर कोई आपत्ति जताई है, यदि हां, तो कृपया एतद्संबंधी नोटिंग प्रदान करें;

(च) क्या यह सत्य है कि स्वास्थ्य विभाग ने निर्माण विलंब के लिए ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है या दंडित किया है, यदि हां, तो दंड का विवरण और निर्माण एजेंसी का नाम बताएं;

(छ) इस ब्लॉक के पूरा होने पर कितने अतिरिक्त बिस्तर, आईसीयू यूनिट और ऑपरेशन थिएटर जुड़ने की संभावना है;

(ज) इस परियोना के पूरे होने तक, पूर्वी दिल्ली में विशेष स्वास्थ्य सेवाओं की कमी का प्रबंधन कैसे किया जा रहा है;

(झ) नए ब्लॉक के उद्घाटन की नवीनतम संशोधित समय सीमा और अक्टूबर तथा नवंबर 2025 की मासिक प्रगति रिपोर्ट की प्रति प्रदान करें; और

(ञ) वर्ष 2025 में पीडब्ल्यूडी के गुणवत्ता नियंत्रण सेल या स्वास्थ्य विभाग द्वारा आधी-अधूरी संरचना की गुणवत्ता को सत्यापित करने के लिए किए गए किसी भी बाहरी ऑडिट या साइट निरीक्षण का विवरण प्रदान करें?

----

**स्वास्थ्य**

187 **Mr. Surya Prakash Khatri (Timarpur):**

**Health & Family Welfare:-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि 90-100 एकड़ के विशाल भूभाग पर बने हुए राजन बाबू टीबी अस्पताल की भूमि का वर्तमान स्वरूप में उपयोग क्षेत्र की बढ़ती स्वास्थ्य आवश्यकताओं की तुलना में बहुत सीमित है;

(ख) क्या यह भी सत्य है कि आसपास के कई विधानसभा क्षेत्र में किसी बडे़ और आधुनिक सरकारी अस्पताल की अनुपस्थिति के कारण नागरिकों को गम्भीर बीमारियों के इलाज हेतु दूर-दराज के अस्पतालों में जाना पड़ता है;

(ग) क्या राजन बाबू टीबी अस्पताल को दिल्ली से अपेक्षाकृत दूर किसी शांत एवं उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित कर वर्तमान भूमि पर एक आधुनिक, बहुविशेषज्ञ और उच्चस्तरीय सरकारी अस्पताल के निर्माण की सरकार की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो पूर्ण विवरण दें?

----

**स्वास्थ्य**

188 **Dr. Ajay Dutt (Ambedkar Nagar):**

**Health & Family Welfare:-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों के स्थानांतरण (Transfer) और नियुक्ति की प्रक्रिया क्या है तथा क्या 3 साल बाद तबादला अनिवार्य है;

(ख) यदि नहीं, तो अधिकतम समय सीमा क्या है;

(ग) क्या मरीजों को अभी भी सभी दवाइयां मुफ्त मिल रही हैं;

(घ) पूर्व में जो 450 प्रकार की दवाइयां मुफ्त मिलती थीं, उनमें से कितनी और क्यों बंद की गईं;

(ड.) पिछले 3 वर्षों में कितने अनुबंध (Contract) कर्मचारियों को बिना नोटिस के

निकाला गया, उनके नाम और हटाए जाने का कारण बताएं;

(च) पिछले 3 वर्षों में नर्सिंग अर्दली, सफाई और सुरक्षा गार्ड का ठेका किन ठेकेदारों को दिया गया, उनके नाम, पते और फोन नंबर सहित सूची उपलब्ध कराएं;

(छ) क्या ठेके के कर्मचारियों को PF और ESI, Gratuity की सुविधा मिल रही है;

(ज) यदि हाँ, तो लाभार्थी कर्मचारियों का विवरण दें; और

(झ) पिछले 3 वर्षों में कर्मचारियों के उत्पीड़न (Harassment) के कितने मामले दर्ज हुए और प्रशासन द्वारा उन पर क्या ठोस कार्यवाही की गई?

----

## स्वास्थ्य

189 **Mr. Ashok Goel (Model Town):**

**Health & Family Welfare:-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले दिल्ली सरकार के अस्पताल व डिस्पेंसरी की कुल संख्या कितनी है, पूर्ण विवरण दें;

(ख) क्या उपरोक्त विधानसभा क्षेत्र में पिछले 10 सालों में कोई नया अस्पताल व डिस्पेंसरी का निर्माण किया गया है;

(ग) यदि हां, तो उनका व उन पर लगने वाली लागत का संपूर्ण ब्यौरा दिया जाये;

(घ) क्या मॉडल टाउन विधानसभा में दिल्ली सरकार के नए हॉस्पिटल्स और डिस्पेंसरी खोलने की योजना है; और

(ङ) अगर हां, तो पूरा विवरण दें?

----

## खाद्य सुरक्षा

190 **Mr. Karnail Singh (Shakur Basti):**

**Health & Family Welfare:-**

क्या माननीय खाद्य सुरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग ने खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांच करने के लिए शकुरबस्ती विधानसभा क्षेत्र में कितने निरीक्षक नियुक्त किये हुए हैं;

(ख) पिछले एक साल के दौरान शकुरबस्ती विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत खाद्य सामग्री के कितने नमूने जांच के लिए उठाये गये और उनमें से कितने नमूने जांच में निर्धारित मानको के अनुरूप पाये गये; और

(ग) जिन दुकानदारों के नमूने जांच में निर्धारित पैमाने पर खरे नहीं पाये गये, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी?

----

## खाद्य सुरक्षा

191 **Mr. Anil Jha (Kirari):**

**Health & Family Welfare:-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में वाटिका/बैंक्वेट हॉल/फार्महाउस बिना किसी वैध FSSAI (Food Safety) लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं, जहाँ शादी-समारोह एवं अन्य कार्यक्रमों के दौरान बड़ी संख्या में लोगों को भोजन परोसा जाता है;

(ख) क्या यह भी सत्य है कि ऐसे प्रतिष्ठान जनता से भारी शुल्क/मोटी कमाई तो करते हैं, किंतु भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, रसोई की स्थिति, खाद्य सामग्री के भंडारण, कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र एवं अग्नि/स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे अनिवार्य मानकों का पालन नहीं किया जाता है;

(ग) क्या यह सत्य है कि इन वाटिकाओं/बैंक्वेट हॉलों में परोसे जा रहे असुरक्षित भोजन के कारण फूड पॉइजनिंग, बीमारी एवं अप्रत्याशित घटनाओं का शिकार होने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं;

(घ) यदि हाँ, तो विगत तीन वर्षों में किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में ऐसी कितनी घटनाएँ दर्ज की गई हैं;

(च) क्या सरकार यह बताएगी कि किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में अब तक कितनी वाटिकाओं/बैंक्वेट हॉलों का निरीक्षण किया गया, कितनों के पास FSSAI लाइसेंस नहीं पाया गया तथा उनके विरुद्ध क्या दंडात्मक कार्रवाई (सीलिंग, जुर्माना, एफआईआर आदि) की गई;

(च) क्या सरकार किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में विशेष संयुक्त जांच अभियान चलाकर बिना लाइसेंस संचालित वाटिकाओं/बैंक्वेट हॉलों को बंद करने, खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा भविष्य में किसी भी जनहानि अथवा अप्रत्याशित घटना को रोकने हेतु ठोस एवं समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर रही है; और

(छ) यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है?

----

## खाद्य सुरक्षा

192 **Sh. Jarnail Singh (Tilak Nagar):**

**Health & Family Welfare:-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली में Food Safety सुनिश्चित करने के संबंध में दिल्ली सरकार की वर्तमान नीति क्या है, इससे संबंधित नियमों, मानकों तथा दिशा-निर्देशों का विस्तृत विवरण दिया जाए;

(ख) दिल्ली में Food Safety सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा ज़ोनवाइज़ कौन-कौन से अधिकारी नियुक्त किए गए हैं संबंधित अधिकारियों के नाम, पदनाम एवं संपर्क विवरण सहित पूरी जानकारी दी जाए;

(ग) पिछले पाँच वर्षों में Food Safety सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा किन-किन स्थानों से खाद्य नमूने लिए गए हैं, तिथि-वार, स्थान-वार लिए गए नमूनों का विवरण, उनकी जाँच रिपोर्ट में मिलावट पाई गई या नहीं, तथा जहाँ मिलावट पाई गई वहाँ संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का विस्तृत विवरण दिया जाए;

(घ) यदि किसी नागरिक को Food Safety से संबंधित कोई शिकायत दर्ज करानी हो, तो उसके लिए विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया क्या है, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, संबंधित अधिकारी से संपर्क करने का माध्यम, तथा शिकायत निस्तारण की समय-सीमा का विवरण दिया जाए;

(ङ) दिल्ली में त्योहारों के दौरान भारी मात्रा में बिकने वाली मिठाइयों एवं अन्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा क्या विशेष व्यवस्था की जाती है, त्योहारों के समय बनाए गए चेक-पॉइंट्स, निरीक्षण व्यवस्था, नमूना जाँच की प्रक्रिया तथा की गई कार्रवाई का विस्तृत विवरण दिया जाए; और

(च) पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर विधानसभा क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा (Food Safety) से संबंधित नियुक्त सभी अधिकारियों का नाम, पदनाम एवं संपर्क विवरण सहित विस्तृत जानकारी प्रदान की जाए?

----

## खाद्य सुरक्षा

193 **Sh. Kailash Gangwal (Madipur):**

**Health & Family Welfare:-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली में इस समय दूध की काफी कमी है, फिर भी दिल्ली की जनता को दूध भरपूर मात्रा में सप्लाई हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो जनता को मिलावट रहित दूध मिले, इस सम्बन्ध में सरकार क्या कदम उठा रही है;

(ग) क्या सरकार दिल्ली की सब्जी मण्डी व दुकानों पर बड़ी मात्रा में मौजूद दूध, पनीर, खोया व दूध से भारी मात्रा में बनी चीजों को समय-समय पर सैम्पल लेकर लेवोट्ररी में चैक करवाती है; और

(घ) दिल्ली एनसीआर में गाय-भैसों की भारी कमी के बावजूद दूध, पनीर, खोया बड़ी मात्रा में मौजूद होने के क्याा कारण है?

----

## खाद्य सुरक्षा

194 **Sh. Jitender Mahajan (Rohtas Nagar):**

**Health & Family Welfare:-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2015 से वर्ष 2025 की अवधि के दौरान खाद्य पदार्थों के कुल कितने नमूने जाँच हेतु एकत्र किए गए, विधानसभावार जानकारी दें;

(ख) उनमें से कितने नमूने गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप सही नहीं पाए गए;

(ग) ऐसे नमूने जो तय मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए, उन नमूनों पर कितने मामले

पंजीकृत किए गए अथवा कितनी कानूनी कार्यवाहियाँ (जैसे अभियोजन, जुर्माना, ज़ब्ती आदि) की गईं;

(घ) खाद्य मिलावट से संबंधित कुल कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं, उनमें से कितनी शिकायतों पर कार्रवाई की गई और उन कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप कितने नमूने एकत्र किए गए तथा उनमें से कितने नमूने असफल पाए गए;

(ड.) वर्ष 2015—2025 के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट से संबंधित कितने दीवानी अथवा आपराधिक मामले दर्ज किए गए और उनमें से कितने मामलों में दंड अथवा दोषसिद्धि हुई; और

(च) खाद्य नमूनों की जाँच हेतु संबंधित प्रयोगशालाओं की सूची, उनके पूर्ण एड्रेस और फोन नंबर सहित विवरण प्रदान की जाए, उनके द्वारा मिलावट की पहचान के लिए अपनाई जाने वाली परीक्षण तकनीकों अथवा तंत्र का विवरण भी प्रदान किया जाए?

----

## खाद्य सुरक्षा

195 **Sh. Sanjay Goyal (Shahdara):**

**Health & Family Welfare:-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि कई अंतरराष्ट्रीय खाद्य कंपनियाँ भारत में बेचे जाने वाले खाद्य उत्पादों में पाम ऑयल, अतिरिक्त चीनी, संतृप्त वसा एवं कम पोषण तत्वों का उपयोग कर रही हैं, जबकि वही उत्पाद यूरोप/अमेरिका जैसे देशों में अधिक पोषण मानकों के साथ उपलब्ध कराए जाते हैं;

(ख) क्या Lays Chips, KitKat, Cerelac जैसे उत्पादों की भारत एवं अन्य देशों (यूरोप/अमेरिका/ऑस्ट्रेलिया) में बिकने वाली संरचना (Ingredients एवं Nutrition Values) की तुलना हेतु कोई आधिकारिक जांच/अध्ययन कराया गया है;

(ग) यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है और उसके आधार पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है;

(घ) क्या यह सत्य है कि भारत में बेचे जा रहे कुछ शिशु आहार (Baby Food) उत्पादों

में अतिरिक्त चीनी मिलाई जा रही है, जो बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है;

(ङ.) यदि हाँ, तो पिछले 5 वर्षों में कितनी कंपनियों के विरुद्ध क्या-क्या कार्रवाई की गई है;

(च) क्या सरकार द्वारा पैक्ड खाद्य पदार्थों पर Front of Pack Labelling (FOPL) के अंतर्गत नमक, चीनी, कुल वसा एवं संतृप्त वसा की स्पष्ट जानकारी अंकित करने की कोई प्रक्रिया लागू की गई है;

(छ) क्या घोषित पोषण मानकों एवं वास्तविक सामग्री के बीच अंतर पाए जाने पर कार्रवाई का कोई प्रावधान है;

(ज) पिछले 5 वर्षों में ऐसी अनियमितता पर किन-किन कंपनियों पर क्या कार्रवाई की गई है;

(झ) शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में खुले में संचालित खाद्य रेहड़ियों, ढाबों, दुकानों एवं रेस्टोरेंट्स के भोजन की गुणवत्ता की जांच कौन-सा विभाग करता है;

(ट) शाहदरा विधानसभा में तैनात सभी Food Safety Officers के नाम, पद एवं संपर्क विवरण उपलब्ध कराए जाएँ;

(ठ) पिछले 5 वर्षों में कितने रेस्टोरेंट्स एवं रेहड़ियों के खाद्य पदार्थों की जांच की गई है; और

(ड) गुणवत्ता मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर कितने मामलों में क्या-क्या दंडात्मक कार्रवाई की गई है, वर्षवार विवरण दें?

----

**खाद्य सुरक्षा**

**196 Mr. Ashok Goel (Model Town):**

**Health & Family Welfare:-**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा विगत वर्षों में खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के लिए क्या कोई स्पेशल ड्राइव चलाया गया था;

(ख) यदि हां, तो उसका विवरण दें;

(ग) उपरोक्त विधानसभा क्षेत्र के खाद्य पदार्थों से संबंधित दुकानों में क्या कभी कोई सेम्पल का नमूना लिया गया था;

(घ) यदि हां, तो क्या वो नमूने सही थे; और

(ङ) यदि नहीं तो क्या उपरोक्त दुकानों पर विभाग द्वारा कोई कार्यवाही की गई, पूर्ण विवरण दें?

----

**GAD**

**197 Mr. Sanjeev Jha (Burari):**

**General Administration:-**

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि:

(क) 20 फरवरी 2025 से जवाब देने तक विभाग ने कितनी नई गाड़ियां खरीदी एवं उन्हें कौन-कौन अधिकारी, मंत्री एवं मुख्यमंत्री इस्तेमाल कर रहे हैं;

(ख) उपरोक्त गाड़ी खरीदने में कुल कितना खर्च किया गया;

(ग) विभाग के पास कुल कितनी गाड़ियां हैं और उनके रखरखाव पेट्रोल पर कितना खर्चा फरवरी 2025 से जवाब देने तक किया गया;

(घ) विभाग के पास कुल कितने ड्राइवर हैं और वह किस-किस अधिकारी एवं मंत्रीगण के पास कार्यरत हैं;

(ड) क्या यह सत्य है की विभाग ने डीटीसी से भी कुछ ड्राइवर लिए हैं;

(च) यदि हां, तो उनकी कुल संख्या कितनी है एवं वह कहां-कहां कार्यरत हैं; और

(छ) फरवरी 2025 से जवाब देने तक विभाग ने कुल कितने कार्यक्रम आयोजित किये और

उन पर कुल कितना खर्चा हुआ जानकारी दें?

----

**GAD**

198 **Sh. Kuldeep Kumar (Kondli):**

**General Administration:-**

क्या माननीय मुख्यामंत्री यह बताने की कृपा करेंगी किः

(क) वर्ष 2025 में 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के लिए सामान्य प्रशासन विभाग और रा.रा.क्षेत्र दिल्ली सरकार के अन्य सभी विभागों/स्वायत्त निकायों द्वारा खरीदे गए राष्ट्रीय ध्वजों की कुल संख्या बताएं;

(ख) झंडों की सामग्री, आकार और जीएसएम संबंधी विशिष्ट तकनीकी निर्देश क्या थे और इसमें भारतीय ध्वज संहिता का पालन किया गया;

(ग) निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशित करने की और अनुबंध प्रदान करने की तिथियां बताएं, सफल बोलीदाताओं के नाम व सरकार द्वारा भुगतान की गई प्रति इकाई लागत क्या है;

(घ) इस अभियान के लिए फ्लैग पोल, स्टिकर और प्रचार सामग्री आदि पर कुल कितना व्यय किया गया;

(ङ) इन झंडों के वितरण का वार्डवार ब्यौरा प्रदान करें, जिसमें विधायकों, आरडब्ल्यूए और सरकारी स्कूलों को सौंपे गए झंडों की संख्या सम्मिलित हो;

(च) क्या वित्त विभाग की अनिवार्य खरीद प्रक्रियाओं और केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों, जिसमें जीईएम (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) प्रोटोकॉल भी शामिल है, का सख्ती से पालन किया गया;

(छ) यदि आपातकालीन खरीद के लिए कोई छूट दी गई थी तो उसके कारण और अनुमोदन प्राधिकारी की जानकारी दें; और

(ज) इस खरीद से संबंधित पूरी फाइल नोटिंग (वित्तीय सहमति सहित), व सभी आधिकारिक पत्राचार की कॉपी प्रदान करें?

----

**गृह**

199 **Sh. Harish Khurana (Moti Nagar):**

**Home :-**

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में दिल्ली में कुल कितने बैंक्विट हॉल संचालित हो रहे हैं, विधानसभावार विवरण उपलब्ध करवाया जाए;

(ख) दिल्ली में बैंक्विट हॉल संचालित करने हेतु किन-किन प्रकार के लाइसेंस आवश्यक होते हैं;

(ग) क्या यह सत्य है कि बैंक्विट हॉल संचालन हेतु फायर एनओसी एक अनिवार्य दस्तावेज है;

(घ) यदि हां तो कृपया सभी बैंक्विट हॉल की फायर एनओसी की स्थिति जैसे यह सब कब समाप्त हुए कब रिन्यूअल के लिए आवेदन प्राप्त हुए, रिन्यूअल नहीं होने के पीछे क्या कारण है, इत्यादि पूर्ण विवरण उपलब्ध कराया जाए;

(ड.) क्या सरकार ने अब तक अवैध रूप से संचालित हो रहे बैंक्विट हॉल की पहचान एवं सर्वेक्षण कराया है;

(च) यदि हां, तो उसका विवरण उपलब्ध कराया जाए; और

(छ) यदि नहीं तो उसके कारण बताया जाए तथा यह भी स्पष्ट किया जाए कि निकट भविष्य में इस संबंध में क्या योजना बनाई गई है?

----

## गृह

**200 Sh. Veer Singh Dhingan (Seema Puri):**

**Home :-**

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है दिल्ली में बढ़ते हुए नशे के कारोबार को रोकने के लिए दिल्ली पुलिस ने कुछ ठोस उपाय किए हैं;

(ख) यदि हाँ, तो अब सरकार ने क्या कार्रवाई की है;

(ग) क्या यह भी सत्य है दिल्ली सरकार ने कुछ नशीले पदार्थों को ज़ब्त भी किया है;

(घ) यदि हाँ, तो पुलिस ने कौन-कौन से नशीले पदार्थों को ज़ब्त किया है तथा किस प्रकार के नशीले पदार्थों को कितनी कितनी मात्रा में ज़ब्त किया गया है विवरण दिया जाए;

(ड.) क्या यह भी सत्य है कि दिल्ली कि पुनर्वास कालोनीयों में नशे का कारोबार ज़्यादा फैला हुआ है जिससे समाज के छोटे बच्चे नशे के आदी हो रहे हैं तथा इस कारोबार में भी शामिल हो रहे है; और

(च) यदि हाँ, तो सरकार दिल्ली को नशे की नगरी बनने से रोकने के लिये और क्या उपाय कर रही हैं?

----

**गृह**

201 **Sh. Kailash Gangwal (Madipur):**

**Home:-**

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दिल्ली में बाहर से आये किरायेदारों व फैक्ट्ररियों में काम करने वालों की वेरिफिकेशन अनिवार्य है;

(ख) वेरिफिकेशन न करने वाले मकान मालिकों व फैक्ट्ररी मालिकों के खिलाफ कितना दण्ड का प्रावधान है;

(ग) विभाग कितने-कितने समय बाद यह अभियान चलाती रहती है; और

(घ) क्या सरकार इस सम्बन्ध में मकान मालिकों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने पर विचार कर रही है ?

----

**गृह**

202 **Sh. Sandeep Sehrawat (Matiala):**

**Home:-**

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सत्य है कि बिंदापुर थाना क्षेत्र का भौगोलिक क्षेत्र अत्यधिक बड़ा है;

(ख) यदि हाँ, तो उसे विभाजित करने या नया थाना स्थापित करने हेतु क्या सरकार की कोई योजना प्रस्तावित है; और

(ग) मटियाला विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कुल कितने पुलिस थाने/चौकियाँ कार्यरत हैं, उनका नाम एवं क्षेत्राधिकार स्पष्ट किया जाए?

----

**गृह**

**203 Mr. Sanjeev Jha (Burari):**

**Home:-**

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के कई स्कूलों की फायर NOC की वैधता समाप्त हो चुकी है;

(ख) यदि हाँ, तो कृपया उन सभी स्कूलों के नाम और लोकेशन की सूची उपलब्ध कराई जाए;

(ग) क्या यह सत्य है कि जिन स्कूलों का NOC समाप्त हो गया था, उस अवधि के दौरान विभाग ने कोई निरीक्षण या कार्यवाही नहीं की, जिससे बच्चों और स्टाफ की सुरक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती थी;

(घ) Expired NOC के समय यदि किसी स्कूल में आग या अन्य दुर्घटना होती, तो उसके लिए विभाग की क्या जवाबदेही होती और क्या इस संबंध में कोई रिपोर्ट तैयार की गई थी;

(ड.) विभाग द्वारा Expired NOC वाले स्कूलों की पूरी सूची नहीं बनाने और इस संबंध में कार्रवाई न करने के क्या कारण हैं;

(च) क्या यह सत्य है कि Expired NOC वाले किसी भी स्कूल को नियम और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के बावजूद बिना अतिरिक्त जांच या प्रक्रिया पूरी किए नए NOC देने का निर्णय विभाग की मानक प्रक्रिया और नियमों के खिलाफ होगा;

(छ) सभी स्कूलों में NOC की वैधता लगातार जांचने और समय पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु विभाग द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

ज) जिन स्कूलों ने अपने Expired NOC के बाद दोबारा आवेदन किया, उनकी सूची, आवेदन तिथि और वर्तमान स्थिति उपलब्ध कराई जाए;

(झ) भविष्य में बुराड़ी क्षेत्र के सभी स्कूलों के लिए फायर NOC जारी करने और नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के लिए विभाग कोई ठोस, चरणबद्ध और समयबद्ध योजना बना रहा है; और

(ट) Expired NOC वाले किसी भी स्कूल को नियमों और सुरक्षा मानकों के खिलाफ नए NOC नहीं देना सुनिश्चित करने हेतु विभाग द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

----

## गृह

204 **Mr. Sanjeev Jha (Burari):**

**Home:-**

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या फायर विभाग में 50 XL 6 गाड़ी तुरंत रिलीफ के लिए खरीदी हैं;

(ख) यदि हां तो इन पर कितना खर्च किया गया एवं जो टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई उसकी जानकारी दें एवं संबंधित दस्तावेज की सत्य प्रतिलिपि दें;

(ग) क्या यह सत्य है कि इनमें से कुछ गाड़ियां व्यक्तिगत इस्तेमाल हो रही है;

(घ) यदि हां तो गाड़ी नंबर सहित सूचना दें;

(ड.) क्या यह सत्य है की इन गाड़ियों में हाई प्रेशर पंप लगे थे तथा जो टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई थी या पास थी उसे प्रक्रिया को विभाग ने बिना किसी अप्रूवल के बदल दिया गया है, पुरानी एवं नई टेंडर प्रक्रिया की कॉपी दें;

(च) क्या यह सत्य है कि प्रक्रिया बदलने के कारण टेंडर को अपलोड करने में देरी हुई;

(छ) यदि हां तो इसमें कौन-कौन से अधिकारी सम्मिलित थे एवं दोषी हैं और जानकारी में आने के उपरांत उन पर क्या कार्रवाई की जाएगी;

(ज) टेंडर प्रक्रिया बदलने से सरकार को कितनी राशि का नुकसान होगा विस्तृत जानकारी दें;

(झ) क्या यह सत्य है की विभाग ने उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी को मुख्य कार्यालय में नियुक्त किया और हाई प्रेशर पंपों के आपूर्ति के टेंडर प्रक्रिया को बदला, संपूर्ण जानकारी

दें; और

(ट) क्या पहले भी उक्त उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी को किसी प्रकार के भ्रष्टाचार के आरोप के तहत मुख्य कार्यालय से हटाया गया था?

----

## गृह

205 **Sh. Sanjay Goyal (Shahdara):**

**Home:-**

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले 5 वर्षों में शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने साइबर अपराध दर्ज किए गए हैं, वर्षवार विवरण दें;

(ख) क्या शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में कोई समर्पित साइबर क्राइम थाना/यूनिट कार्यरत है;

(ग) यदि हाँ, तो उसकी संरचना, स्टाफ संख्या एवं कार्यक्षेत्र का विवरण दें;

(घ) साइबर अपराधों से बचाव हेतु आम जनता को जागरूक करने के लिए पिछले 5 वर्षों में कौन-कौन से अभियान, प्रशिक्षण कार्यक्रम अथवा कार्यशालाएँ आयोजित की गई हैं;

(ड) क्या शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में CCTV कैमरों, फेस रिकग्निशन सिस्टम तथा रात्रि गश्त की वर्तमान स्थिति संतोषजनक है;

(च) CCTV निगरानी प्रणाली पर पिछले 5 वर्षों में कितनी राशि व्यय की गई है तथा यह कार्य किन एजेंसियों के माध्यम से कराया गया है;

(छ) क्या दिल्ली सरकार द्वारा ट्रैफिक प्रबंधन हेतु होम गार्ड के जवानों को दिल्ली पुलिस के ट्रैफिक विंग के साथ संयुक्त रूप से तैनात किया गया है;

(ज) यदि हाँ, तो अब तक कुल कितने होम गार्ड तैनात किए गए हैं तथा शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में उनकी संख्या कितनी है;

(झ) क्या DTC बस स्टॉप, भीड़भाड़ वाले चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर होम गार्ड की विशेष तैनाती की कोई योजना है; और

(ण) यदि हाँ, तो उसकी स्थानवार संख्या एवं समय सीमा बताई जाए?

----

## गृह

206 **Sh. Pravesh Ratn (Patel Nagar):**

**Home:-**

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि देश के अन्य राज्यों में अधिकांश विधायकों को सरकारी सुरक्षा (PSO/गनमैन) प्रदान की जाती है, जबकि दिल्ली में विधायकों को सामान्यतः यह सुरक्षा नहीं दी जाती;

(ख) क्या यह सत्य है कि दिल्ली देश की राजधानी होने के बावजूद यहाँ के विधायकों को किसी प्रकार की नियमित व्यक्तिगत सुरक्षा का प्रावधान नहीं है;

(ग) यदि दिल्ली में विधायकों को सुरक्षा न देने का कोई नियम/प्रावधान है, तो उसका विवरण दें;

(घ) यदि ऐसा कोई प्रतिबंधात्मक प्रावधान नहीं है, तो अब तक दिल्ली के विधायकों को सुरक्षा नहीं दिये जाने के कया कारण हैं;

(ड.) क्या यह सत्य है कि विधायकों को प्रतिदिन जनता से सीधे मिलना पड़ता है, धरना-प्रदर्शन, अवैध निर्माण, माफिया एवं अतिक्रमण जैसे संवेदनशील मामलों में हस्तक्षेप करना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा को गंभीर खतरा बना रहता है;

(च) क्या पिछले वर्षों में किसी भी दिल्ली के विधायक को धमकी, हमला या दबाव की शिकायत प्राप्त हुई है;

(छ) यदि हाँ, तो उसका विवरण दें;

(ज) क्या सरकार दिल्ली के विधायकों के लिए Threat Perception के आधार पर सुरक्षा नीति बनाने पर विचार कर रही है; और

(झ) यदि हाँ, तो उसकी समय सीमा क्या है?

----

## गृह

207 **Dr. Anil Goyal (Krishna Nagar):**

**Home:-**

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सत्य है कि गीता कॉलोनी ब्लॉक-9 में दिल्ली अग्निशमन सेवा की कोई भूमि खाली पड़ी है;

(ख) यदि हाँ, तो इस भूमि का कुल क्षेत्रफल कितना है और यह किस उद्देश्य के लिए आवंटित की गई थी;

(ग) क्या इस रिक्त भूमि पर वर्तमान में अनधिकृत पार्किंग और अवैध अतिक्रमण हो रहा है;

(घ) यदि हाँ, तो विभाग द्वारा इसे रोकने के लिए अब तक क्या कदम उठाए हैं;

(ड.) क्या इस भूमि पर अग्निशमन केंद्र या विभाग से संबंधित किसी अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण की कोई योजना विचाराधीन है;

(च) यदि हाँ, तो इसका कार्य कब तक शुरू होने की संभावना है; और

(छ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

----

## गृह

208 **Sh. Imran Hussain (Ballimaran):**

**Home:-**
क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सत्य है कि सरकार द्वारा को चाँदनी चौक को 'नो मोटर व्हीकल ज़ोन' घोषित किए जाने के पश्चात भी चावड़ी बाज़ार, अजमेरी गेट एवं हौज़ क़ाज़ी क्षेत्रों में भीषण यातायात जाम की स्थिति है;

(ख) क्या यह सत्य है कि छोटे हाथी एवं अन्य व्यावसायिक वाहन इन क्षेत्रों में अवैध रूप से खड़े होकर सड़कों पर अतिक्रमण कर रहे हैं, जिससे आम जनता, स्कूली बच्चों एवं बीमार व्यक्तियों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है; और

(ग) इस समस्या के समाधान हेतु सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं अथवा प्रस्तावित हैं?

----

## गृह

209 **Sh. Vishesh Ravi (Karol Bagh):**

**Home:-**
क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क)  दिल्ली अग्नि–शमन विभाग द्वारा पहाड़गंज और करोल बाग़ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी होटल, रेस्टोरेंट, बार और क्लबों की आवश्यक अग्नि सुरक्षा मानकों हेतु निरीक्षण आखिरी बार कब किया गया था;

(ख) इस निरीक्षण में कितने होटल, रेस्टोरेंट, बार और क्लब आवश्यक अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुकूल पाए गए और कितने प्रतिकूल पाएं गए, दोनों की पूरी सूची होटल, रेस्टोरेंट, बार और क्लबों के नाम और पूरे पते सहित प्रदान करें; और

(ग) निरीक्षण में पाए गए प्रतिकूल होटलो, रेस्टोरेंट, बार और क्लबों पर दिल्ली अग्नि–शमन विभाग द्वारा मानकों के प्रतिकूल पाए जाने वालो पर क्या कार्यवाही की गई है, उसका पूर्ण विवरण प्रदान करें ?

----

## उद्योग

**210 Mr. Manoj Kumar Shokeen (Nangloi Jat):**

**Industries:-**

क्या माननीय उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सत्य है कि  पीरागढ़ी से नांगलोई DTC बस डिपो पर व्यापक अतिक्रमण होने के कारण नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पूर्णतः बाधित हो रही है;

(ख) क्या यह भी सत्य है कि उक्त मार्ग पर अवैध रेहड़ी-पटरी, अस्थायी निर्माण, बैंकटों के अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण के कारण  प्रतिदिन लंबा जाम, दुर्घटनाओं की आशंका तथा सार्वजनिक परिवहन की आवाजाही प्रभावित हो रही है;

(ग) क्या सरकार/DSIIDC/संबंधित विभाग द्वारा अब तक इस मार्ग पर अतिक्रमण हटाने हेतु कोई सर्वेक्षण, संयुक्त निरीक्षण अथवा विशेष अभियान चलाया गया है;

(घ) यदि हाँ, तो उसका विवरण एवं परिणाम क्या रहे हैं;

(ड) क्या सरकार इस मार्ग को महत्वपूर्ण ट्रैफ़िक लिंक मानते हुए DSIIDC, यातायात पुलिस, MCD एवं जिला प्रशासन के समन्वय से स्थायी अतिक्रमण मुक्ति योजना, नियमित निगरानी तथा सड़क चौड़ीकरण/मरम्मत के लिए समयबद्ध कार्ययोजना लागू करेगी; और

(च) यदि नहीं, तो इसके  क्या कारण हैं?

----

## उद्योग

211 **Sh. Kailash Gangwal (Madipur):**

**Industries:-**

क्या माननीय उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली के काफी रिहायसी इलाकों में अवैध फैक्टरीयाँ चल रही है;

(ख) यदि हां, तो सरकार इन अवैध फैक्ट्ररियों के खिलाफ क्या कार्यवाही कर रही है;

(ग) सरकार इन फैक्ट्ररियों को रिहायसी इलाकों से हटाकर कब तक औधौगिक क्षेत्रों में स्थान्तरित कर देगी;

(घ) क्या यह भी सत्य है कि इन अवैध व प्रतिबन्धित फैक्ट्ररियों व अन्य इकाइयों को हटाने में सरकार देरी कर रही है;

(ङ) क्या यह सत्य है कि रिहायसी क्षेत्रों में चल रही इन इकाईयों में भारी मात्रा में GST की चोरी हो रही है; और

(च) मादीपुर विधान क्षेत्र के मादीपुर गाँव में भारी संख्या में चल रहीअवैध जूते चप्पलों की फैक्ट्ररियों को सरकार कब तक हटा देगी?

----

## भूमि एवं भवन

212 **Sh. Ram Singh Netaji (Badarpur):**

**Land and Building:-**

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी किः

(क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली में नया मास्टर प्लान लागू होना है;

(ख) यदि हां, तो दिल्ली में नया मास्टर प्लान कब तक आ जायेगा या लागू होगा; और

(ग) नए मास्टर प्लान को लाने में इतनी देरी के क्या कारण हैं?

----

## भूमि एवं भवन

**213** **Sh. Harish Khurana (Moti Nagar):**

**Land and Building:-**

क्या माननीय मुख्यामंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि:

(क) पश्चिमी दिल्ली स्थित मोती नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली नगर निगम, डीयूएसआईबी, डीएसआईआईडीसी तथा अन्य सभी सरकारी एजेंसियों के स्वामित्व वाले सभी रिक्त भूखंडों की संपूर्ण सूची प्रदान करें;

(ख) ऐसे प्रत्येक रिक्त भूखंड के संबंध में उसका सटीक स्थान (ब्लॉक, कॉलोनी, सड़क का नाम), खसरा संख्या या प्लाट संख्या, क्षेत्रफल वर्गमीटर या एकड़ में, दिल्ली मास्टर प्लान (एमपीडी-2021/ एमपीडी-2041) के अनुसार उसका भू-प्रयोग, उसकी वर्तमान स्थिति, जैसे रिक्त, अतिक्रमित, न्यायालय में लंबित, घेराबंदी युक्त, विकसित आदि के साथ जब से वह भूखंड रिक्त है, उस तिथि की जानकारी भी दें;

(ग) क्या उपर्युक्त भूखंडों में से किसी पर अतिक्रमण या अवैध कब्जा है, यदि हां तो अतिक्रमण की प्रकृति व उसकी सीमा, उन्हें हटाने के लिए डीडीए द्वारा की गई कार्रवाई व बेदखली-कार्रवाई की वर्तमान स्थिति से भी अवगत कराएं;

(घ) कृपया वर्ष 2025 से अब तक, मोती नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित रिक्त भूमि के संबंध में लिए गए किसी भी प्रस्ताव, योजना, व निर्णय का विवरण दें, जिसमें उसके विकास, उसकी नीलामी या निस्तारण, पट्टे पर देने व किसी अन्य सरकारी विभाग को हस्तांतरण संबंधी जानकारी सम्मिलित हो;

(ङ) यदि इन भूखंडों से पट्टे, पार्किंग आदि के माध्यम से कोई राजस्व प्राप्त हो रहा है तो उसका विवरण भी दें;

(च) मोती नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित रिक्त भूखंडों के सभी संबंधित नक्शों, साइट प्लान, भूमि अभिलेखों तथा निरीक्षण रिपोर्टों की प्रतियां भी प्रदान करें; और

(छ) मोती नगर क्षेत्र में भूमि के प्रबंधन व संरक्षण के लिए वर्तमान में उत्तरदायी अधिकारी का नाम,पदनाम व संपर्क विवरण भी उपलब्ध कराएं?

----

## भूमि एवं भवन

**214** **Sh. Umang Bajaj (Rajendra Nagar):**

**Land and Building:-**

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की  कृपा करेंगी कि:

(क) राजेंद्र नगर विधानसभा के अंतर्गत दिल्ली विकास प्राधिकरण की कुल कितनी खाली भूमि है;

(ख) यह भूमि किस-किस स्थान पर कितने-कितने नाप की है; और

(ग) इन भूमि का भूउपयोग क्या है, भूमि के विवरण सहित भूउपयोग का विवरण भी दिया जाए ?

----

## भूमि एवं भवन

215 **Mr. Raj Kumar Bhatia (Adarsh Nagar):**

**Land and Building:-**

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि:

(क) क्या सरकार के विचाराधीन कोई ऐसा प्रस्ताव है जिसके अंतर्गत रिक्त भूखंड पर होने वाले अतिक्रमण व उसे खाली कराने की ज़िम्मेदारी भू-स्वामी एजेंसी की होगी; और

(ख) यदि हां, तो इस उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्रवाई प्रस्तावित है?

----

## भूमि एवं भवन

216 **Sh. Ravinder Singh Negi (Patparganj):**

**Land and Building:-**

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की  कृपा करेंगी कि:

(क) क्या यह सत्य है कि  पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र में डीडीए की कई जमीनें लंबे समय से खाली पड़ी हुई हैं, जिनका असामाजिक तत्वों द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो  इन खाली पड़ी जमीनों के सदुपयोग हेतु सरकार द्वारा क्या योजना प्रस्तावित है, तथा क्या इनका उपयोग पार्क , सामुदायिक सुविधाओं अथवा जनहित कार्यों के लिए किया जाएगा?

----

## Land and Building

217 **Sh. Kuldeep Kumar (Kondli):**

**Land and Building:-**

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी किः

(क) क्या यह सत्य है कि न्यू कोंडली क्षेत्र में गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए सरकारी आवासों का आवंटन किया गया था;

(ख) यदि हाँ, तो कुल कितने आवास/फ्लैट/प्लॉट आवंटित किए गए थे;

(ग) उपर्युक्त आवंटनों के संबंध में आवंटन की तिथि, आवंटी का नाम, पता तथा आवंटित आवास/ प्लॉट का विवरण सहित पूरी सूची प्रदान की जाये;

(घ) क्या यह भी सत्य है कि उक्त योजना के अंतर्गत कुछ आवास/प्लॉट अब तक अनावंटित रह गए हैं;

(ड) यदि हाँ, तो कृपया ऐसे सभी अनावंटित आवासों/प्लॉटों की संख्या एवं विवरण (लोकेशन सहित) उपलब्ध कराया जाए;

(च) वर्तमान में इन अनावंटित आवासों/प्लॉटों की क्या स्थिति है, क्या वे खाली पड़े हैं, अथवा किसी अन्य प्रयोजन में उपयोग किए जा रहे हैं,
इसका स्पष्ट विवरण दिया जाए;

(छ) क्या सरकार द्वारा इन खाली/अनावंटित आवासों या प्लॉटों को पुनः गरीब एवं पात्र लाभार्थियों को आवंटित करने हेतु कोई योजना या प्रस्ताव विचाराधीन है; और

(ज) यदि हाँ, तो उसकी समय-सीमा, पात्रता शर्तें एवं प्रक्रिया का विवरण दिया जाए?

----

## भूमि एवं भवन

218 **Sh. Parduymn Singh Rajput (Dwarka):**

**Land and Building:-**

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी किः

(क) द्वारका विधानसभा के अंतर्गत दिल्ली विकास प्राधिकरण की कुल कितनी खाली भूमि है;

(ख) यह भूमि किस-किस स्थान पर कितने-कितने नाप की है;

(ग) इन भूमि का भूउपयोग क्या है, भूमि के विवरण सहित भूउपयोग का विवरण भी दिया जाए;

(घ) क्या इन भूमि पर अवैध अतिक्रमण और कब्जे हो रहे हैं;

(ड) यदि हां, तो अभी कितनी भूमि पर अवैध अतिक्रमण है और यह कब तक खाली हो जाएंगे; और

(च) जिन भूमि पर अवैध अतिक्रमण होता है उसको खाली करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है और जो भूमि अभी अतिक्रमण से मुक्त है उनमें अतिक्रमण न हो इसके लिए क्या व्यवस्था की गई है?

----

## भूमि एवं भवन

219 **Mr. Ashok Goel (Model Town):**

**Land and Building:-**

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी किः

(क) मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में खाली पड़े डी.डी.ए. या किसी अन्य विभाग की जमीनों एवं प्लॉटों का विस्तृत विवरण दें;

(ख) मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के खाली पड़ी जमीनों पर किये गैरकानूनी अतिक्रमण का विवरण दें;

(ग) गैर कानूनी तरीके से किये गये अतिक्रमण हटाने के लिए सरकार द्वारा पूर्व में की गई कार्यवाही तथा आने वाले समय में की जाने वाली कार्यवाई का विवरण दें; और

(घ) मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में खाली पड़ी जमीनों के लिए क्या कोई प्रस्तावित योजना है, पूर्ण विवरण दें?

----

## ऊर्जा

220 **Mr. Manoj Kumar Shokeen (Nangloi Jat):**

**Power:-**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र में बीएसईएस द्वारा बार-बार हो रही

अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज एवं अस्थिर विद्युत आपूर्ति की समस्याओं की जानकारी है;

(ख) यदि हाँ, तो विगत एक वर्ष में इस संबंध में प्राप्त शिकायतों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या यह सत्य है कि इस क्षेत्र में जर्जर विद्युत तारों, पुराने ट्रांसफॉर्मरों एवं ओवरलोडेड फीडरों के कारण विद्युत आपूर्ति एवं जन-सुरक्षा प्रभावित हो रही है;

(घ) यदि हाँ, तो इनके सुधार एवं प्रतिस्थापन हेतु अब तक क्या कार्रवाई की गई है;

(ड.) नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कुल कितने ट्रांसफॉर्मर स्थापित हैं तथा उनमें से कितने ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड की स्थिति में कार्य कर रहे हैं;

(च) क्या क्षेत्र में बढ़ती आबादी एवं विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए नए ट्रांसफॉर्मर एवं फीडरों की स्थापना का कोई प्रस्ताव है;

(छ) यदि हाँ, तो उसका विवरण एवं समय-सीमा क्या है;

(ज) क्या सरकार द्वारा नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र में सभी हाई टेंशन/हाई वोल्टेज विद्युत लाइनों को चरणबद्ध तरीके से अंडरग्राउंड किए जाने की कोई योजना प्रस्तावित या स्वीकृत है; और

(झ) यदि हाँ, तो उसका क्षेत्रवार विवरण, अनुमानित लागत एवं समय-सीमा क्या है?

----

**ऊर्जा**

**221 Mr. Manoj Kumar Shokeen (Nangloi Jat):**

**Power:-**

क्या माननीय उर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र में बीएसईएस द्वारा बार-बार हो रही अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज एवं अस्थिर विद्युत आपूर्ति की समस्याओं की जानकारी है;

(ख) यदि हाँ, तो विगत एक वर्ष में इस संबंध में प्राप्त शिकायतों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या क्षेत्र में जर्जर विद्युत तारों, पुराने ट्रांसफॉर्मरों एवं ओवरलोडेड फीडरों के कारण विद्युत आपूर्ति एवं जन-सुरक्षा प्रभावित हो रही है;

(घ) यदि हाँ, तो इनके सुधार एवं प्रतिस्थापन हेतु अब तक क्या कार्रवाई की गई है;

(ड) नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कुल कितने ट्रांसफॉर्मर स्थापित हैं तथा

उनमें से कितने ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड की स्थिति में कार्य कर रहे हैं;

(च) क्या क्षेत्र में बढ़ती आबादी एवं विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए नए ट्रांसफॉर्मर एवं फीडरों की स्थापना का कोई प्रस्ताव है;

(छ) यदि हाँ, तो उसका विवरण एवं समय-सीमा क्या है;

(ज) क्या सरकार द्वारा नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र में सभी हाई टेंशन/हाई वोल्टेज विद्युत लाइनों को चरणबद्ध तरीके से अंडरग्राउंड किए जाने की कोई योजना प्रस्तावित या स्वीकृत है; और

(झ) यदि हाँ, तो उसका क्षेत्रवार विवरण, अनुमानित लागत एवं समय-सीमा क्या है?

----

**ऊर्जा**

**222 Sh. Sandeep Sehrawat (Matiala):**

**Power:-**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मटियाला विधानसभा क्षेत्र में HT लाइन को हटाने की इस वर्ष क्या योजना है;

(ख) Power Dept. ने मटियाला विधानसभा के लिए इस वर्ष कितना बजट आबंटित किया और किन कार्यों के लिए किया गया;

(ग) क्या सरकार की मटियाला विधानसभा क्षेत्र में लोहे के बिजली खंभों को हटाने की कोई योजना है;

(घ) यदि हांं, तो पूर्ण विवरण दें;

(ङ) क्या सरकार की मटियाला विधानसभा क्षेत्र में पावर ग्रिड बनाने की योजना है; और

(च) यदि हां, तो पूर्ण विवरण दें?

----

**ऊर्जा**

**223 Sh. Sanjay Goyal (Shahdara):**

**Power:-**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले 5 वर्षों में कितने उपभोक्ताओं के Zero Billing के बिजली बिल आए हैं, जिनमें घरेलू एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की संख्या कितनी है, वर्षवार विवरण दें;

(ख) शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में कुल बिजली आपूर्ति कितनी है, वर्तमान में कितनी आपूर्ति की जा रही है, कितने पावर/सर्विस स्टेशन कार्यरत हैं तथा उनकी स्थापित क्षमता क्या है;

(ग) BSES द्वारा अवैध अथवा अनधिकृत निर्माणों में बिजली कनेक्शन देने की क्या नीति एवं प्रक्रिया है तथा क्या ऐसे मामलों में टेम्परेरी अथवा रेगुलर कनेक्शन दिए जाते हैं, पिछले 5 वर्षों में ऐसे कितने कनेक्शन जारी किए गए कृपया वर्षवार एवं श्रेणीवार विवरण दें;

(घ) शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में BSES के विद्युत खंभों पर केबल टीवी, इंटरनेट एवं अन्य ऑपरेटरों को तार लगाने की अनुमति किन-किन ऑपरेटरों को दी गई है, अब तक कुल कितनी अनुमतियाँ जारी की गई हैं, तथा बिना अनुमति लगी अवैध तारों/केबलों की संख्या कितनी है;

(ड.) अवैध तारों की पहचान हेतु अब तक क्या सर्वे/जांच कराई गई है, इनके विरुद्ध कितने चालान/जुर्माने/कानूनी कार्यवाहियाँ की गई हैं, तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्या ठोस व्यवस्था की गई है;

(च) BSES के खंभों से सभी अवैध तारों को हटाने की प्रक्रिया कब तक पूर्ण की जाएगी तथा क्या इसके लिए कोई समयबद्ध कार्य-योजना निर्धारित की गई है; और

(छ) यदि भविष्य में इन अवैध तारों के कारण किसी प्रकार की आगजनी, दुर्घटना या जन-धन की हानि होती है, तो उसकी जिम्मेदारी किस विभाग/एजेंसी/ऑपरेटर की निर्धारित की जाएगी?

----

## ऊर्जा

**224 Sh. Jarnail Singh (Tilak Nagar):**

**Power:-**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली में अलग अलग बिजली सप्लाई करने वाली कंपनियां के द्वारा कितने खंबे व ट्रांसफार्मर सड़कों पर लगे हुए हैं इसका विस्तृत विवरण दें;

(ख) यदि इन खंभों व ट्रांसफार्मर्स की वजह से सड़क पर जाम लगता है अन्य असुविधाएं होती है,तो उस समस्या का समाधान करने की जिम्मेवारी किसकी होती है;

(ग) अभी तक इस तरीके की कितनी शिकायतें ऊर्जा विभाग व बिजली सप्लाई करने

वाली कंपनीयों के पास आए हैं व उन पर क्या कार्रवाई की गई है उनका विस्तृत विवरण दें;

(घ) इस तरीके की शिकायतों से निपटने के लिए सरकार क्या योजना बना रही है;

(ङ.) सुभाष नगर नाले के साथ सड़क पर लगे खभों व ट्रांसफॉमर्स से होने वाले जाम की समस्या पर कब तक कार्रवाई कर दी जाएगी; और

(च) रिहाइश इलाकों के ऊपर से होकर गुजरने वाली हाई टेंशन तारों को हटाने के लिए विभाग की क्या पॉलिसी है तथा विष्णु गार्डन क्षेत्र व एमबीएस नगर के ऊपर से होकर गुजरने वाली हाई टेंशन तारों को कब तक हटा दिया जाएगा?

----

**ऊर्जा**

**225** **Dr. Anil Goyal (Krishna Nagar):**

**Power:-**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र की मार्केट्स (जैसे लाल क्वार्टर मार्केट आदि) में बिजली की तारों को अंडरग्राउंड करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हाँ, तो किन-किन मार्केट्स को इसके प्रथम चरण में शामिल किया गया है और अन्य बची हुई मार्केट्स के लिए विभाग की क्या योजना है;

(ग) कृष्णा नगर की मार्केट्स में बिजली के खंभों पर अन्य तारों का जो अंबार लगा हुआ है, उसे हटाने के लिए विभाग ने पिछले पांच वर्ष में क्या कदम उठाए हैं;

(घ) क्या सरकार कृष्णा नगर की मुख्य मार्केट की तारों को अंडरग्राउंड करने के कार्य को पूरा करने के लिए कोई निश्चित समय सीमा निर्धारित कर रही है;

(ङ.) यदि हाँ, तो उसका विवरण दें;

(च) यदि इन झूलती तारों या अवैध तारों के जाल के कारण कोई अप्रिय घटना या जान-माल की हानि होती है, तो इसके लिए सीधे तौर पर किसकी जवाबदेही होगी; और

(छ) क्या सरकार द्वारा अवैध तार लगाने वाली कंपनियों पर जुर्माना लगाने का कोई प्रावधान है?

----

**ऊर्जा**

**226 Sh. Mohan Singh Bisht (Mustafabad):**

**Power:-**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सत्य है कि मुस्तफाबाद विधान सभा क्षेत्र (एसी-69) की घनी आबादी को देखते हुए बिजली कम्पनी बीएसईएस द्वारा कोई ग्रिड बनाने की योजना प्रस्तावित थी;

(ख) यदि हां, तो पूर्ण विवरण दें;

(ग) जगह की उपलब्धता होने के बावजूद भी राजस्व विभाग के एसडीएम द्वारा संदर्भित जमीन को चिन्हित न करने के क्या कारण थे, पूर्ण विवरण दें;

(घ) क्या यह भी सत्य है कि राजस्व विभाग का भूमाफियाओं से कोई सांठगांठ है; और

(ड.) यदि नहीं तो 6250 गज जमीन को कब तक चिन्हित किया जाएगा और संबंधित बिजली कम्पनी बीएसईएस के साथ हैंड ओवर और टेकन ओवर की प्रक्रिया कब तक पूरी की जाएगी, सयम सीमा के साथ पूर्ण विवरण दें?

----

## ऊर्जा

**227 Sh. Imran Hussain (Ballimaran):**

**Power:-**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को पुरानी दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र में बिजली, केबल एवं अन्य तारों के जाल से उत्पन्न दुर्घटनाओं एवं आग की संभावनाओं की जानकारी है;

(ख) क्या सरकार द्वारा इन तारों को भूमिगत (अंडरग्राउंड वायरिंग) करने अथवा सेग्रीगेशन हेतु कोई योजना/स्कीम प्रस्तावित या स्वीकृत की गई है; और

(ग) यदि हाँ, तो उस योजना का नाम, वर्तमान कार्यान्वयन स्थिति तथा पुरानी दिल्ली में इसे कब तक लागू किया जाएगा ?

----

## ऊर्जा

**228 Dr. Ajay Dutt (Ambedkar Nagar):**

**Power:-**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अम्बेडकर नगर में कुल कितनी बिल्डिंग्स 'बुक' (Illegal Construction श्रेणी) में दी गई हैं? उन सभी का पूरा नाम, पता और बुकिंग का कारण स्पष्ट करें;

(ख) इनमें से कितनी बिल्डिंग्स में बिजली के मीटर लग चुके हैं और कितनी अभी भी शेष हैं; और

(ग) जिन बिल्डिंग्स में मीटर नहीं लगे हैं, उनके लंबित होने का मुख्य कारण क्या है और वहां मीटर कब तक लगा दिए जाएंगे?

----

## सेवाए

**229 Mr. Karnail Singh (Shakur Basti):**

**Services:-**

क्या माननीय मुख्यामंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि:

(क) दिल्ली सरकार के सेवा विभाग ने पिछले 11 वर्षों में किस-किस विभाग में किस-किस पद के लिए कितने दिव्यांग लोगों को नौकरी दी है;

(ख) क्या कभी ऐसा भी हुआ है कि दिव्यांग कोटे में आवेदक नहीं मिले और वे पद खाली रह गये या दिव्यांग के स्थान पर सामान्य श्रेणी के लोगों को नौकरी दे दी गयी; और

(ग) इस समय दिल्ली सरकार में विभिन्न श्रेणी के पदों के लिए दिव्यांग कोटे से कितने पद खाली हैं और वे कब तक भर दिये जायेंगे ?

----

## समाज कल्याण

**230 Mr. Anil Jha (Kirari):**

**Social Welfare:-**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि किराड़ी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत में वृद्धजनों की संख्या अत्यधिक है, किंतु इन क्षेत्रों में अब तक वृद्धावस्था आश्रम (Old Age Home) की कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं है;

(ख) यदि हाँ, तो समाज कल्याण विभाग द्वारा यहाँ वृद्धावस्था आश्रम की स्थापना हेतु अब तक क्या-क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या यह भी सत्य है कि किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में अनेक ऐसी महिलाएँ हैं जिनके

पति नशे के आदी होने के कारण घर छोड़कर चले गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप वे महिलाएँ निराश्रित अवस्था में जीवनयापन करने को विवश हैं;

(घ) यदि हाँ, तो ऐसी महिलाओं को निराश्रित पेंशन के अंतर्गत चिन्हित कर लाभ देने हेतु सरकार द्वारा क्या विशेष व्यवस्था की गई है;

(ड.) क्या सरकार को यह जानकारी है कि किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन एवं निराश्रित पेंशन का भुगतान विगत लगभग चार महीनों से विलंबित है, जिससे लाभार्थियों को दवा, भोजन एवं दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(च) यदि हाँ, तो इस विलंब के क्या कारण हैं तथा पेंशन भुगतान में हो रही देरी को दूर करने हेतु सरकार द्वारा क्या तात्कालिक कदम उठाए जा रहे हैं तथा लंबित पेंशन राशि का भुगतान कब तक सुनिश्चित किया जाएगा;

(छ) क्या सरकार यह भी स्वीकार करती है कि वर्तमान में ₹2500 प्रति माह दी जा रही वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन एवं निराश्रित पेंशन की राशि बढ़ती महंगाई को देखते हुए अपर्याप्त है;

(ज) यदि हाँ, तो क्या सरकार इन पेंशन राशियों को ₹2500 से बढ़ाकर ₹4000 प्रति माह करने पर विचार कर रही है; और

(झ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

----

## समाज कल्याण

**231** **Mr. Karnail Singh (Shakur Basti):**

**Social Welfare:-**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) शकुरबस्ती विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल कितने लोग वृद्धावस्था पैंशन पा रहे हैं, नाम और पता सहित पूरा विवरण दें ;

(ख) वृद्धावस्था पैंशन पाने वाले लोगों का शकुरबस्ती से अन्य विधानसभा क्षेत्र में स्थानांतरण के कारण या उनकी मृत्यु होने के कारण कितनी सीटें खाली हुई हैं;

(ग) फर्जी दस्तावेज के आधार पर अभी तक जो लोग पेंशन पा रहे हैं उनकी रोकथाम के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है और इस प्रक्रिया को कब तक पूरा कर लिया जाएगा; और

(घ) शकुरबस्ती विधानसभा क्षेत्र में कितने नये लोगों ने वृद्धावस्था पैंशन के लिए आवेदन किया हुआ है और उनमें से पात्र लोगों को कब तक वृद्धावस्था पैंशन चालू हो जायेगी ?

----

## समाज कल्याण

**232 Sh. Neeraj Basoya (Kasturba Nagar):**

**Social Welfare:-**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कस्तूरबा नगर विधानसभा क्षेत्र में विगत तीन वर्षों (2022–23, 2023–24 एवं 2024–25) में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं (वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग आदि) के अंतर्गत कुल कितने पेंशनधारक लाभान्वित हुए हैं, वर्ष-वार एवं योजना-वार विवरण सहित;

(ख) उपर्युक्त अवधि में इस विधानसभा क्षेत्र में कितने नए पेंशन लाभार्थी जोड़े गए हैं;

(ग) क्या पेंशन स्वीकृति एवं भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की लंबित शिकायतें या विलंब सामने आए हैं;

(घ) यदि हाँ, तो उनका विवरण तथा निस्तारण हेतु उठाए गए कदम क्या हैं; और

(ड) क्या पात्र लेकिन अब तक वंचित व्यक्तियों को योजनाओं से जोड़ने हेतु कस्तूरबा नगर विधानसभा क्षेत्र में कोई विशेष अभियान चलाया गया है या प्रस्तावित है?

----

## समाज कल्याण

**233 Sh. Veer Singh Dhingan (Seema Puri):**

**Social Welfare:-**

क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेगें कि:

(क) क्या यह सत्य हैं कि दिल्ली सरकार का समाज कल्याण विभाग दिल्ली के वरिष्ठ नागरिकों को आर्थिक सहायता पैंशन देता है;

(ख) यदि हाँ तो दिल्ली के कुल कितने वरिष्ठ नागरिकों को पैंशन दी जा रही है, विधानसभा वाइस विवरण दिया जाए ;

(ग) क्या यह भी सत्य हैं की दिल्ली के 60 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग महिलाओं व पुरुषों को नए पेंशन फ़ार्म गत वर्ष भरे गए हैं;

(घ) यदि हाँ तो कितने पैंशन फ़ार्म भरे गये है;

(ड) क्या यह भी सत्य है कि पिछले कई वर्षों से नये पैंशन फ़ार्म न भरने के कारण दिल्ली के हज़ारों बुजुर्ग महिलाएँ व पुरुष पेंशन से वंचित चल रहे हैं जिस कारण उन्हें अपने पोषण व दवाई आदि के लिए भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है; और

(च) यदि हाँ तो सरकार शीघ्र नए पैशन फ़ार्म भरवाने कब से शुरू करेगी पूर्ण विवरण दिया जाए?

----

**समाज कल्याण**

234 **Sh. Veer Singh Dhingan (Seema Puri):**

**Social Welfare:-**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य हैं कि सीमापुरी विधान सभा स्थित कुष्ठ आश्रम समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत आता है;

(ख) यदि हां तो उक्त कुष्ठ आश्रम में कितने कालोनियां है;

(ग) क्या यह सत्य नही है कि कुष्ठ आश्रम की अधिकतर सडकें टूटी पडी है, जिसमें कुष्ठ रोगियों को आने जाने में काफी परेशानी होती हैं;

(घ) यदि हां, तो उक्त कालोनियों की सडको को किए समाज कल्याण से कुल कितना फंड आबंटित किया गया, तथा उक्त सडको को बनने में कितना समय लगेगा पूर्ण विवरण दिया जाए;

(ड) क्या यह भी सत्य है कि कुष्ठ आश्रम ताहिरपुर में समाज कल्याण विभाग नें विकास कार्यो के लिए कितना पैसे आबंटित किए है;

(च) यदि हां, तो किन किन एजेंजियों को कुल विकास कार्यों के लिए कुल कितने पैसे आबंटित किए हैं पूर्ण विवरण दिया जाए। तथा यह विकास कार्य कब तक काराए जाएंगे?

----

**समाज कल्याण**

235 **Ms. Atishi (Kalkaji):**

**Social Welfare:-**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मुख्यमंत्री कोविड 19 पारिवारिक वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत अब तक दिल्ली सरकार से 50000 रुपए की एकमुश्त सहायता प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या कितनी है, विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी उपलब्ध कराएं;

(ख)  अब तक दिल्ली सरकार से 2500 रुपए की मासिक पेंशन प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या कितनी है, विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी प्रदान करें; और

(ग)  वित्त वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 व 2024-25 के दौरान इस योजना के अंतर्गत कितने व्यक्तियों ने आवेदन किया व कितने व्यक्तियों को लाभ प्रदान किया गया?

----

**समाज कल्याण**

**236  Mr. Sanjeev Jha (Burari):**

**Social Welfare:-**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि सरकार द्वारा दिनांक 17.09.2025 को 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के लिए ₹50,000 पेंशन योजना की घोषणा की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि इस पेंशन योजना के अंतर्गत आवेदन फॉर्म केवल मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों की विभागीय (Official) ID से ही भरे जा सकते थे, जबकि अन्य विधायकों की विभागीय ID से आवेदन भरने की अनुमति नहीं दी गई;

(ग) इस व्यवस्था के कारण कौन-कौन से विधानसभा क्षेत्रों के नागरिक इस पेंशन योजना के लिए आवेदन करने से वंचित रह गए, विधानसभावार विवरण उपलब्ध कराया जाए;

(घ) क्या यह सत्य है कि कई मामलों में विधायकों द्वारा मंत्रियों या मुख्यमंत्री की ID का उपयोग कर फॉर्म भरे गए, जबकि अन्य विधायकों अथवा उनके विधानसभा क्षेत्रों के लिए यह सुविधा उपलब्ध नहीं थी;

(ड) यदि हाँ, तो ऐसे सभी मामलों की विस्तृत सूची उपलब्ध कराई जाए;

(च) दिनांक 17.09.2025 से अब तक इस पेंशन योजना के अंतर्गत

- कुल कितने आवेदन मुख्यमंत्री की ID से भरे गए,
- कुल कितने आवेदन मंत्रियों की ID से भरे गए,
- तथा प्रत्येक आवेदन किस विधानसभा क्षेत्र से संबंधित है, इसका विधानसभावार एवं ID वार पूरा विवरण उपलब्ध कराया जाए;

(छ) क्या विभाग अब विधायकों के लिए अलग से आवेदन भरने हेतु विभागीय ID/लॉगइन सुविधा शुरू करने जा रहा है, ताकि वे अपने क्षेत्र के पात्र वृद्धजनों के आवेदन स्वयं भर सकें; और

(ज) यदि हाँ, तो यह व्यवस्था कब तक लागू की जाएगी, इसका स्पष्ट समयबद्ध विवरण

दिया जाए?

----

## समाज कल्याण

**237 Sh. Mohan Singh Bisht (Mustafabad):**

**Social Welfare:-**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मुस्तफाबाद विधान सभा क्षेत्र (एसी-69) में समाज कल्याण विभाग द्वारा कुल कितने लोगों को वृद्धावस्था पेंशन दी जा रही है उसका पूर्ण विवरण मोबाइल नम्बर के साथ उपलब्ध कराएं;

(ख) क्या यह भी सत्य है कि अधिकतर क्षेत्र में जिनको वृद्धावस्था पेंशन दी जा रही थी या तो उनकी मृत्यु हो चुकी है अथवा वे अन्यत्र जगहों पर शिफ्ट हो गए उनका भी पूर्ण विवरण दें;

(ग) क्या यह भी सत्य है कि पिछले दिनों के अन्तर्गत दिल्ली सरकार द्वारा प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में नये वृद्धावस्था पेंशन बनाने के फार्म उपलब्ध कराए गए थे; और

(घ) यदि हां तो उन फार्मों को समाज कल्याण विभाग द्वारा जमा नहीं किए जाने के क्या कारण हैं और कब तक इन फार्मों को विभाग द्वारा जमा कर लिया जाएगा, समय सीमा बताकर पूर्ण विवरण दें?

----

## समाज कल्याण

**238 Mr. Tilak Ram Gupta (Tri Nagar):**

**Social Welfare:-**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल कितने लोग वृद्धावस्था पैंशन पा रहे हैं, नाम और पता सहित पूरा विवरण दें;

(ख) वृद्धावस्था पैंशन पाने वाले लोगों का त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र से अन्य विधानसभा क्षेत्र में स्थानांतरण के कारण या उनकी मृत्यु होने के कारण कितनी सीटें खाली हुई हैं;

(ग) त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र में कितने नये लोगों ने वृद्धावस्था पैंशन के लिए आवेदन किया हुआ है और उनमें से पात्र लोगों को कब तक वृद्धावस्था पैंशन चालू हो जायेगी; और

(घ) समाज कल्याण विभाग द्वारा दिल्ली की जनता को क्या-क्या सुविधाये दी जाती हैं, पात्रता सहित पूरी जानकारी देने का कष्ट करें?

----

## परिवहन

**239** **Mr. Anil Jha (Kirari):**

**Transport:-**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि किराड़ी विधानसभा क्षेत्र की लगभग 9 लाख की आबादी के बावजूद क्षेत्र में डी.टी.सी. की बस सेवाएँ नहीं हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों को दैनिक आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) यदि हाँ, तो किराड़ी विधानसभा में वर्तमान में संचालित डी.टी.सी. बस रूटों एवं बसों की संख्या क्या है;

(ग) क्या यह भी सत्य है कि किराड़ी विधानसभा के अंतर्गत इन्द्र एन्क्लेव बस स्टैंड की स्थिति अत्यंत दयनीय है, जहाँ शेल्टर, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश, स्वच्छता, सड़क एवं यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित बुनियादी सुविधाओं का अभाव है;

(घ) यदि हाँ, तो उक्त बस स्टैंड के सौंदर्यीकरण एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु अब तक क्या-क्या कदम उठाए गए हैं;

(ङ) क्या यह भी सत्य है कि रोहिणी सेक्टर-41 में निर्माणाधीन डी.टी.सी. बस डिपो के कार्य में लंबे समय से अनावश्यक देरी हो रही है, जिसके कारण किराड़ी एवं आसपास के क्षेत्रों में नई बस सेवाएँ प्रारंभ नहीं हो पा रही हैं? यदि हाँ, तो इस देरी के कारण क्या हैं;

(च) उक्त बस डिपो का कार्य कब प्रारंभ हुआ था, अब तक कितने प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, तथा शेष कार्य को पूर्ण करने की समय-सीमा क्या निर्धारित की गई है;

(छ) क्या सरकार किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में शीघ्र नई डी.टी.सी. बस सेवाएँ प्रारंभ करने एवं इन्द्र एन्क्लेव बस स्टैंड के पुनर्विकास हेतु कोई ठोस कार्ययोजना तैयार कर रही है; और

(ज) यदि हाँ, तो उसका विवरण एवं संभावित समय-सीमा क्या है?

----

## परिवहन

**240** **Sh. Prem Chauhan (Deoli):**

**Transport:-**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण (Phase-IV) के अंतर्गत लाजपत नगर से साकेत जी-ब्लॉक (Lajpat Nagar to Saket G-Block) के बीच प्रस्तावित नई मेट्रो लाइन की वर्तमान स्थिति क्या है और इस रूट पर कुल कितने स्टेशनों का निर्माण किया जाना है;

(ख) क्या यह सत्य है कि इस रूट के पास स्थित दक्षिणपुरी और मदनगीर क्षेत्र में लगभग 4 से 5 लाख की घनी आबादी रहती है, जिसमें अधिकांश लोग मेहनतकश और कामकाजी वर्ग से हैं;

(ग) क्या इस नई मेट्रो लाइन में दक्षिणपुरी/मदनगीर क्षेत्र के अंदर कोई स्टेशन प्रस्तावित है;

(घ) यदि नहीं, तो इतनी बड़ी आबादी वाले क्षेत्र को इस सुविधा से वंचित रखने का क्या तकनीकी या आर्थिक कारण है;

(ड) क्या सरकार जनहित को ध्यान में रखते हुए इस लाइन के अलाइनमेंट (मार्ग) में संशोधन करने या दक्षिणपुरी के निवासियों के लिए कोई विशेष 'हब' स्टेशन बनाने पर विचार कर रही है; और

(च) यदि नहीं, तो भविष्य में इन लोगों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने के लिए सरकार की क्या वैकल्पिक योजना है?

----

## परिवहन

**241 Sh. Kuldeep Kumar (Kondli):**

**Transport:-**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली सरकार का मयूर विहार फेज-3 कोंडली को मेट्रो से जोड़ने का कोई प्लान है;

(ख) यदि हाँ तो उसे कब तक और किस फेज में उसे जोड़ा जाएगा; और

(ग) इसकी क्या रूप रेखा है उसकी पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाए ?

----

## परिवहन

**242 Sh. Neeraj Basoya (Kasturba Nagar):**

**Transport:-**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कस्तूरबा नगर विधानसभा क्षेत्र में मेट्रो लाइनों के निर्माण, विस्तार अथवा उन्नयन के दौरान दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा डीडीए की कितनी भूमि/प्लॉट्स/पार्क्स को साइट ऑफिस अथवा अन्य निर्माण संबंधी उद्देश्यों के लिए लिया गया है, प्रत्येक भूमि/प्लॉट का स्थान, क्षेत्रफल, उपयोग का उद्देश्य तथा उपयोग की अवधि का विवरण क्या है;

(ख) क्या यह भी सत्य है कि उक्त डीडीए भूमि/पार्क्स को दिल्ली मेट्रो को केवल समयबद्ध (टाइम-बाउंड) उपयोग हेतु दिया गया था और कार्य पूर्ण होने के पश्चात इन्हें डीडीए को वापस किया जाना था;

(ग) यदि हाँ, तो अब तक कितनी भूमि/प्लॉट्स डीडीए को वापस सौंपी जा चुकी हैं और कितनी अभी भी डीएमआरसी के अधीन हैं;

(घ) यदि उक्त भूमि/प्लॉट्स पट्टे पर नहीं लिए गए थे, तो दिल्ली मेट्रो द्वारा कस्तूरबा नगर विधानसभा क्षेत्र में कितनी भूमि/प्लॉट्स की खरीद की गई हैं, उनका विवरण क्या है;

(ड.) क्या यह भी सत्य है कि नीति के अनुसार पार्क/हरित क्षेत्र के उपयोग के बदले दिल्ली मेट्रो को वैकल्पिक हरित क्षेत्र/ग्रीन बेल्ट विकसित करनी होती है; और

(च) यदि हाँ, तो कस्तूरबा नगर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे कौन-कौन से ग्रीन बेल्ट/हरित क्षेत्र विकसित किए गए हैं, उनका स्थान एवं क्षेत्रफल क्या है?

----

## परिवहन

**243 Sh. Kuldeep Kumar (Kondli):**

**Transport:-**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिसंबर 2025 तक डीटीसी एवं क्लस्टर बसों में तैनात बस मार्शलों की कुल संख्या कितनी है तथा यह संख्या पूरे परिचालन बेड़े के लिए स्वीकृत आवश्यकता की तुलना में कितनी है कम या अधिक है;

(ख) पूर्व में सेवामुक्त किए गए बस मार्शलों की पुनर्नियुक्ति के संबंध में, परिवहन विभाग द्वारा वर्ष 2025 औपचारिक आदेश किस तिथि को जारी किया गया;

(ग) उक्त पुनर्नियुक्ति के लिए परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्ट पात्रता मानदंड (आयु, प्रशिक्षणएवं पूर्व सेवा अभिलेख) क्या हैं;

(घ) वर्ष 2025-26 हेतु इन बस मार्शलों के वेतन हेतु परिवहन विभाग, दिल्ली परिवहन निगम तथा वित्त विभाग के बीच हुई, वित्तपोषण-स्रोत संबंधी संपूर्ण फाइल नोटिंग्स व पत्राचार की प्रतियां प्रदान करें;

(ङ) क्या यह सत्य है कि परिवहन विभाग ने वर्ष 2025 में बस मार्शलों के कर्तव्यों के लिए एक नई 'मानक संचालन प्रक्रिया' (एसओपी) प्रस्तावित की है, यदि हां, तो इसकी प्रति उपलब्ध कराएं;

(च) क्या इस नई एसओपी में यात्री सुरक्षा के अतिरिक्त मोहल्ला बस या नई "देवी" इलेक्ट्रिक बस सेवा की निगरानी जैसे कोई अतिरिक्त दायित्व शामिल किए गए हैं;

(छ) वर्ष 2025-26 के बजट में, विशेष रूप से बस मार्शल योजना के लिए, आवंटित कुल बजटीय प्रावधान का विवरण प्रदान करें, व यह भी बताएं कि 28 दिसंबर, 2025 तक इस राशि में से कितनी धनराशि वितरित की जा चुकी है;

(ज) क्या परिवहन विभाग ने वर्ष 2025 में बस मार्शलों की प्रभावशीलता, अर्थात उत्पीड़न की घटनाओं में आई कमी, का आकलन करने हेतु कोई प्रभाव आकलन अध्ययन किया है, यदि हां, तो ऐसी किसी भी रिपोर्ट या आंतरिक ऑडिट की प्रति उपलब्ध कराएं;

(झ) परिवहन विभाग द्वारा शहर की परिवहन सुरक्षा व्यवस्था में मार्शलों की भूमिका की स्थाई प्रकृति व सेवा शर्तों के संबंध में उप राज्यपाल को भेजे गए सभी पत्राचार/संचार की प्रतियां उपलब्ध कराएं; और

(ञ) यह भी स्पष्ट करें कि इन मार्शलों की उपस्थिति के सत्यापन एवं भुगतान की ज़िम्मेदारी किसकी है, ताकि पूर्व वर्षों में रिपोर्ट की गई समस्याएं जैसे घोस्ट कर्मचारियों अथवा वेतन वितरण में विलंब की समस्या का समाधान हो सके ?

----

## परिवहन

**244 Sh. Chaudhary Zubair Ahmad (Seelampur):**

**Transport:-**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पुरानी पेट्रोल और डीजल गाड़ियों को स्क्रैप करने के बजाय इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलने या पुनः उपयोग करने के लिए कोई नीति बनाई है;

(ख) क्या सरकार इस संबंध में पर्यावरण संरक्षण और आम नागरिकों पर आर्थिक बोझ को संतुलित करने के लिए कोई अध्ययन या पायलट प्रोजेक्ट कर रही है;

(ग) क्या सरकार विचार कर रही है कि जिस तरह दिल्ली में पहले CNG वाहनों के लिए नीतियाँ और इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किए गए थे, उसी तरह पुरानी पेट्रोल/डीजल गाड़ियों को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलने के लिए भी योजनाएँ बनाई जाएँ; और

(घ) यदि हाँ, तो इसके मुख्य निष्कर्ष और आगे की योजना क्या है?

----

## परिवहन

**245 Sh. Satish Upadhyay (Malviya Nagar):**

**Transport:-**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में कितने मेट्रो फीडर बस रूट हैं व उन पर कितनी बसें चल रही हैं, कृपया रूटवार जानकारी दें;

(ख) मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने 'बस क्यू शेल्टर' हैं, और क्या इन बस शेल्टरों को अपग्रेड करने या उन्हें आधुनिक बनाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है, यदि हां, तो विवरण दें;

(ग) क्या मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में "देवी" बस रूट चलाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में वर्तमान स्थिति और इसे लागू करने संबंधी समयावधि की जानकारी दें, और

(ङ) यदि नहीं, तो क्या एसी-43 में "देवी" बस रूट चलाने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है?

----

## परिवहन

**246 Dr. Anil Goyal (Krishna Nagar):**

**Transport:-**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र से होकर गुजरने वाले DTC और क्लस्टर बसों के रुट्स, टाइमिंग क्या हैं और इन रूट्स पर वर्तमान में कुल कितनी बसें संचालित की जा रही हैं;

(ख) कृपया इन रूट्स पर बसों की 'ऑक्यूपेंसी' का डेटा बताया जाये तथा यदि कुछ रूट्स पर ऑक्यूपेंसी कम है, तो क्या जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर 'रूट रैशनलाइजेशन' की कोई योजना है;

(ग) दिल्ली में वर्तमान में चल रही DTC की बसों की औसत 'फ्यूल एफिशिएंसी' कितनी

है;

(घ) कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने बस स्टॉप हैं और उनमें से कितनों पर टाइम-टेबल डिस्प्ले लगा हुआ है;

(ड.) यदि नहीं लगा है, तो इसके क्या कारण हैं;

(च) क्या कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र के कई बस स्टॉप जर्जर स्थिति में हैं;

(छ) यदि हाँ, तो इनका नवीनीकरण करने की क्या कोई योजना है ; और

(ज) यदि हाँ तो उसके शुरू होने की समय सीमा क्या है?

----

## परिवहन

**247 Sh. Jarnail Singh (Tilak Nagar):**

**Transport:-**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली में इस समय कुल कितनी ई-रिक्शा चल रही हैं, इनमें से कितनी ई-रिक्शा रजिस्टर्ड हैं और कितनी बिना रजिस्ट्रेशन के चल रही हैं, इसकी जोन/इलाके के हिसाब से जानकारी दी जाए;

(ख) दिल्ली में ई-रिक्शा के संचालन को लेकर दिल्ली सरकार की अभी क्या नीति है, ई-रिक्शा के रजिस्ट्रेशन, चलाने के नियम, रूट और सुरक्षा से जुड़े नियमों की विस्तृत जानकारी दें;

(ग) ई-रिक्शा ठीक तरीके से और सुरक्षित रूप से चलें, इसके लिए दिल्ली सरकार अभी कौन-कौन से कदम उठा रही है, इसमें चालकों की सुविधा, यात्रियों की सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था से जुड़े कदमों की जानकारी दी जाए; और

(घ) जो ई-रिक्शा अभी रजिस्टर्ड नहीं हैं, उन्हें नियमों में लाने के लिए सरकार की क्या नीति है, ताकि ई-रिक्शा चालकों की रोज़ी-रोटी पर असर न पड़े और सड़क पर चलने वालों की सुरक्षा भी बनी रहे, सरकार की योजना और समय-सीमा बताई जाए?

----

## परिवहन

**248 Mr. Tilak Ram Gupta (Tri Nagar):**

**Transport:-**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि मेरे त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली परिवहन निगम के लगभग 20 से 25 बस स्टैण्ड हैं;

(ख) क्या यह भी सत्य है कि इन स्थानों पर पक्के यात्री शेड न के बराबर है;

(ग) यदि हाँ, तो दिल्ली सरकार कब तक यात्रियों की सुविधा के लिए इन बस स्टैण्डों पर यात्री शेड बनवाने का कष्ट करेगी; और

(घ) त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र से होकर गुजरने वाली कितनी प्रदूषण मुक्त देवी बसों के परिचालन की योजना है?

----

## परिवहन

**249 Mr. Ashok Goel (Model Town):**

**Transport:-**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) इस समय दिल्ली में चल रहे सरकारी/अर्द्धसरकारी ईवी चार्जिंग स्टेशन व ईवी चार्जिंग पॉइंट्स की कुल संख्या क्या है;

(ख) दिल्ली सरकार की 'सिंगल विंडो' योजना के अंतर्गत कितने 'इलेक्ट्रिक चार्जिंग पॉइंट' लगाए गए हैं;

(ग) दिल्ली सरकार द्वारा विगत पाँच वर्षों में कितने सरकारी चार्जिंग स्टेशन और चार्जिंग पॉइंट लगाए गए हैं; और

(घ) दिल्ली सरकार द्वारा भविष्य में नए सरकारी/गैर-सरकारी चार्जिंग स्टेशन और चार्जिंग पॉइंट लगाने की क्या योजना है?

----

## परिवहन

**250 Dr. Ajay Dutt (Ambedkar Nagar):**

**Transport:-**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) लगभग 400 इलेक्ट्रिक बसें नौ-मीटर वाली (जो मूल रूप से मोहल्ला बसों के रूप में चिह्नित की गई थीं) और जो अक्टूबर 2024 तक दिल्ली पहुंच गई थीं, उन्हें अप्रेल 2025 तक डिपो में गैर परिचालनीय अवस्था में क्यों रखा गया;

(ख) क्या यह सत्य है कि इन बसों को प्रारंभ में मूल निविदा के अनुसार, मेक इन इंडिया

के अंतर्गत घटकों के 50 प्रतिशत स्वदेशीकरण की शर्त का पालन न होने के कारण, रोका गया था;

(ग) यदि हां, तो मई 2025 में दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल इंटरकनेक्टर (देवी) योजना के अंतर्गत इनके परिचालन हेतु, बसों में या खरीद नियमों में कौन-कौन से विशिष्ट तकनीकी अथवा कानूनी परिवर्तन किए गए व इन बसों की संख्या क्या थी;

(घ) इन बसों तथा इनके परिचालन संबंधी सभी फाइलों की, 1 सितंबर 2024 से 31अगस्त 2025 की अवधि तक की प्रतियां, जिनमें सभी फाइल टिप्पणियां एवं पत्राचार सम्मिलित हों, प्रदान करें;

(ङ) वर्तमान सरकार द्वारा 8 फरवरी 2025 के बाद कौन-सा विशिष्ट प्रमाणन अथवा कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई, जिसे पूर्ववर्ती सरकार कथित रूप से अंतिम रूप देने में विफल रही है;

(च) अक्टूबर 2024 से मई 2025 की अवधि के दौरान इन 400 बसों के कारण राज्य को संभावित राजस्व की कितनी हानि हुई तथा इस अवधि में इन बसों को निष्क्रिय रखे जाने पर कितना खर्च आया; और

(छ) केंद्र सरकार की पीएम ई-ड्राइव योजना के अंतर्गत आवंटित 2800 इलेक्ट्रिक बसों की वर्तमान परिचालनीय स्थिति क्या है?

----

## अनु.जाति/जनजाति/अ.पि.व.

**251** **Sh. Vishesh Ravi (Karol Bagh):**

**Welfare for SC ST and OBC:-**

क्या माननीय अनु.जाति/जनजाति/अ.पि.व. कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) एससी/एसटी ओबीसी छात्र -छात्रों के लिए रिइंबर्समेंट ऑफ़ ट्यूशन फीस योजना में वर्ष 2024-2025 के लिए विभाग को कितनी एप्लीकेशन प्राप्त हुई हैं, उसमें से अब तक कितनी एप्लीकेशन की पेमेंट कर दी गई है;

(ख) जो एप्लीकेशन अभी पेंडिंग है वह किस कारण से पेंडिंग है इसका एप्लीकेशन वाइज कारण बताया जाए; और

(ग) यह एप्लीकेशन कब तक क्लियर हो जाएंगे इसकी जानकारी प्रदान करें?

----

## अनु.जाति/जनजाति/अ.पि.व.

**252 Sh. Kailash Gangwal (Madipur):**

**Welfare for SC ST and OBC:-**

क्या माननीय अनु.जाति/जनजाति/अ.पि.व. कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पूर्व में दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली में गरीब अनुसूचित जाति या जनजाति के छात्रों को सरकारी नौकरी में भाग लेने के लिए मुफ्त में विभाग द्वारा कोंचिग की व्यवस्था को बंद किये जाने के क्या कारण हैं;

(ख) इसे कब तक दोबारा शुरु कर दिया जायेगा;

(ग) छात्रों को कोचिग शुरु होने की सूचना किस प्रकार दी जायेगी; और

(घ) क्या विभाग कोचिंग की व्यवस्था स्वयं करता है या प्राईवेट एजेन्सी से इसकी व्यवस्था कराई जाती है?

----

## अनु.जाति/जनजाति/अ.पि.व.

**253 Sh. Veer Singh Dhingan (Seema Puri):**

**Welfare for SC ST and OBC:-**

क्या माननीय अनु.जाति/जनजाति/अ.पि.व. कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार के अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों को स्वरोजगार के लिए कोई आर्थिक सहायता प्रदान करता है;

(ख) यदि हाँ तो किन-किन कार्यों के लिए कुल कितनी कितनी राशि कितने छूट व ब्याज पर उपलब्ध कराता है;

(ग) क्या यह भी सत्य हैं कि सरकार के अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति विभाग ने वर्ष 2023-24 व 24-25 में कोई आर्थिक सहायता प्रदान की है;

(घ) यदि हाँ तो कुल कितनी कितनी राशि कुल कितने लोगों को दी गई है;

(ड.) क्या या भी सत्य है कि भारत सरकार के राष्ट्रीय सफ़ाई कर्मचारी वित् विकास निगम द्वारा भी सफ़ाई कर्मचारियों को आर्थिक स्वरोजगार के लिये कोई सहायता दी गई है;

(च) यदि हाँ तो कुल कितने लोगों को कितनी कितनी आर्थिक सहायता दी गई है; और

(छ) यदि नहीं तो क्यों नहीं, विवरण दिया जाए?

----

## अनु.जाति/जनजाति/अ.पि.व.

**254 Mr. Anil Jha (Kirari):**

**Welfare for SC ST and OBC:-**

क्या माननीय अनु.जाति/जनजाति/अ.पि.व. कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सत्य है कि किराड़ी विधानसभा क्षेत्र की कुल जनसंख्या में लगभग 40 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग से संबंधित है;

(ख) क्या यह भी सत्य है कि इतनी बड़ी SC/ST आबादी होने के बावजूद अब तक किराड़ी विधानसभा के लिए कोई विशेष SC/ST कल्याण फंड अथवा विशेष पैकेज स्वीकृत नहीं किया गया है;

(ग) क्या यह भी सत्य है कि पिछले पाँच वर्षों में किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में SC/ST उप-योजना (SCSP/TSP) के अंतर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा उसका वास्तविक व्यय कितना हुआ;

(घ) क्या यह भी सत्य है कि विशेष फंड के अभाव में किराड़ी विधानसभा के SC/ST समुदाय से संबंधित शिक्षा, कौशल विकास, स्वरोज़गार, आवास एवं सामाजिक उत्थान से जुड़े कई प्रस्ताव लंबित या अस्वीकृत रह गए हैं;

(ङ.) क्या यह सत्य है कि किराड़ी विधानसभा में SC/ST छात्रों की छात्रवृत्ति, आर्थिक सहायता एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुँच पा रहा है;

(च) क्या यह सत्य है कि किराड़ी विधानसभा को उसकी SC/ST जनसंख्या के अनुपात में विशेष बजटीय प्राथमिकता क्यों नहीं दी गई;

(छ) क्या सरकार किराड़ी विधानसभा में 40% SC/ST आबादी को दृष्टिगत रखते हुए एक विशेष SC/ST कल्याण फंड / विशेष पैकेज स्वीकृत करने पर विचार कर रही है;

(ज) यदि हाँ, तो उक्त विशेष फंड/पैकेज को लागू किए जाने की समय-सीमा क्या है; और

(झ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

----

## WCD

**255 Sh. Harish Khurana (Moti Nagar):**

**Women and Child Development:-**

क्या माननीय मुख्यामंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि:

(क) वर्ष 2015 से 2025 तक प्रत्येक वित्त वर्ष के लिए दिल्ली में महिला/विधवा पेंशन योजना के अंतर्गत पंजीकृत कुल लाभार्थियों की संख्या;

(ख) उपर्युक्त अवधि के दौरान की सत्यापन प्रक्रियों में अयोग्य पाए गए कुल लाभार्थियों की वर्षवार संख्या;

(ग) फर्जी, डुप्लीकेट या अयोग्य लाभार्थियों की पहचान के संबंध में यदि विभाग या किसी अन्य एजेंसी ने कोई सत्यापन रिपोर्ट/ऑडिट रिपोर्ट तैयार की है या आंतरिक समीक्षा की है, तो उसकी प्रतियां प्रदान करें;

(घ) उक्त योजना के अंतर्गत वर्ष 2015 से वर्ष 2025 तक, प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए वितरित की गई कुल पेंशन राशि का विवरण;

(ङ) अयोग्य या धोखाधड़ी करने वाले लाभार्थियों के कारण रा.रा.क्षे.दि. सरकार को होने वाली वित्तीय हानि का क्या कोई अनुमान लगाया गया है और इस अनुमान का आधार क्या है, संपूर्ण विवरण दें;

(च) क्या योजना में अनियमितताओं के संबंध में कोई विभागीय जांच, सतर्कता जांच, ऑडिट ऑब्जरवेशन, एफआईआर या आपराधिक जांच शुरू की गई है;

(छ) यदि हां, तो जांच आरंभ की तिथि, जांच के आदेश देने वाले प्राधिकारी तथा जांच की वर्तमान स्थिति सहित संपूर्ण विवरण दें;

(ज) इस संबंध में लापरवाही के लिए ज़िम्मेदार पाए गए अधिकारियों या कर्मचारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का विवरण प्रदान करें;

(झ) क्या गलत तरीके से वितरित की गई पेंशन राशि की वसूली के लिए कोई कार्रवाई की गई है, विवरण दें;

(ञ) उक्त अविध के दौरान महिला/विधवा पेंशन योजना पर लागू दिशानिर्देशों, मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) तथा पात्रता मानदंडों की प्रतियां दें; और

(ट) क्या किसी आधिकारिक ऑडिट रिपोर्ट में, जैसा कि मीडिया में बताया गया है, योजना में लगभग 200 करोड़ के नुकसान की राशि बताई गई है, संपूर्ण पूर्ण विवरण दें?

----

**WCD**

**256** **Mr. Karnail Singh (Shakur Basti):**

**Women and Child Development:-**

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी किः

(क) शकुरबस्ती विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल कितनी महिलायें विधवा पैंशन पा रही हैं, नाम और पता सहित पूरा विवरण दें;

(ख) विधवा पैंशन पाने वाली महिलाओं का शकुरबस्ती विधानसभा क्षेत्र से अन्य विधानसभा क्षेत्र में स्थानांतरण के कारण या उनकी मृत्यु होने के कारण कितनी सीटें खाली हुई हैं; और

(ग) शकुरबस्ती विधानसभा क्षेत्र में कितनी नयी विधवा महिलाओं ने विधवा पैंशन के लिए आवेदन किया हुआ है और उनमें से पात्र महिलाओं को कब तक विधवा पैंशन चालू हो जायेगी ?

----

**WCD**

**257** **Mr. Anil Jha (Kirari):**

**Women and Child Development:-**

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी किः

(क) क्या यह सत्य है कि लगभग 9 लाख की आबादी वाली किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं सुविधाओं की पहुँच जनसंख्या के अनुपात में अपर्याप्त है;

(ख) वर्तमान में किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में कितने आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत एवं संचालित हैं, तथा क्या यह संख्या क्षेत्र की जनसंख्या, महिलाओं एवं बच्चों की आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त है;

(ग) क्या यह भी सत्य है कि किराड़ी विधानसभा जैसे घनी एवं आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या में वृद्धि किया जाना अत्यंत आवश्यक है;

(घ) यदि हाँ, तो नए आंगनवाड़ी केंद्र खोलने हेतु क्या योजना एवं समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(ङ) क्या यह भी सत्य है कि किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में अनेक विधवा महिलाएँ एवं अकेली महिलाएँ ऐसी हैं, जिनके लिए वर्तमान में दी जा रही ₹2500 प्रतिमाह की सहायता राशि परिवार के न्यूनतम भरण पोषण हेतु अपर्याप्त है;

(च) क्या यह भी सत्य है कि ₹96,000 वार्षिक से कम आय वाले परिवारों को न्यूनतम

आय सहायता की आवश्यकता है;

(छ) यदि हां, तो क्या सरकार विधवा एवं निराश्रित महिलाओं की सहायता राशि को ₹2500 से बढ़ाकर कम से कम ₹5000 प्रतिमाह करने पर क्या विचार कर रही है;

(ज) क्या यह भी सत्य है कि किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में महिला पेंशन एवं अन्य सामाजिक सहायता पेंशन कई-कई महीनों (लगभग 4 माह या उससे अधिक) तक विलंब से मिल रही हैं, और कई पात्र लाभार्थियों को पेंशन मिल ही नहीं पा रही है; और

(झ) यदि हाँ, तो पेंशन भुगतान में देरी के क्या कारण हैं, इसके लिए कौन जिम्मेदार है, तथा भविष्य में समयबद्ध, नियमित एवं पारदर्शी भुगतान सुनिश्चित करने हेतु क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं?

----

**WCD**

**258 Ms. Atishi (Kalkaji):**

**Women and Child Development:-**

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि:

(क) सरकार दिल्ली में महिलाओं को 2500 रुपए प्रदान किए जाने वाली महिला समृद्धि योजना कब लागू करने जा रही है;

(ख) क्या इस योजना के निर्माण के लिए किसी समिति का गठन किया गया है;

(ग) यदि हां, तो इस समिति की अब तक कितनी बैठकें हुई हैं; और

(घ) इन बैठकों के मिनट्स उपलब्ध कराएं?

----

**महिला एवं बाल विकास**

**259 Smt. Shikha Roy (Greater Kailash):**

**Women and Child Development:-**

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि:

(क) क्या महिला लघु उद्यमियों व स्वयंसेवी समूहों की सहायता करने के लिए कोई योजनाएं चल रही हैं;

(ख) यदि हां, तो सहायता, ऋण व प्रशिक्षण के संबंध में उनकी क्या नीति है; और

(ग) इन योजनाओं के अंतर्गत ग्रेटर कैलाश क्षेत्र में महिलानीत उद्योगों की संख्या क्या है?

----

**WCD**

**260** **Sh. Sanjay Goyal (Shahdara):**

**Women and Child Development:-**
क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि:

(क) शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं (Scheme-wise) के अंतर्गत लाभान्वित पात्र लाभार्थियों के नाम एवं उनकी संख्या उपलब्ध कराई जाएगी पिछले 5 वर्षों का वर्षवार विवरण दिया जाये;

(ख) वर्तमान में शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में कितनी विधवा पेंशन रोकी गई हैं, तथा प्रत्येक प्रकरण में पेंशन रोके जाने का कारण क्या है;

(ग) कितनी विधवा पेंशनधारक महिलाओं ने अपने सभी आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिए हैं (दिनांक सहित), उनके नाम एवं कुल संख्या क्या है, तथा इसके बावजूद उनकी पेंशन अब तक पुनः प्रारंभ क्यों नहीं की जा सकी है;

(घ) क्या ऐसी कोई व्यवस्था/योजना प्रस्तावित है अथवा लागू है, जिसके माध्यम से प्रत्येक माह विधायकों के कार्यालयों को यह सूचना उपलब्ध कराई जा सके कि किन-किन लाभार्थियों की पेंशन जारी की गई है, किनकी पेंशन रोकी गई है तथा पेंशन रोके जाने का कारण क्या है;

(ड) यदि नहीं, तो ऐसी व्यवस्था कब तक लागू की जाएगी;

(च) शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में पिछले 5 वर्षों के दौरान निरस्त किए गए पेंशन/योजना आवेदनों का वर्षवार विवरण क्या है, तथा प्रत्येक वर्ष निरस्तीकरण के प्रमुख कारण क्या रहे हैं; और

(छ) वर्तमान में शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में महिला एवं बाल कल्याण विभाग के अंतर्गत कितने पेंशन आवेदन लंबित (Pending) हैं, सबसे पुराना लंबित आवेदन कब का है, तथा आवेदन निस्तारण की निर्धारित समय-सीमा (Timeline) क्या है?

----

**महिला एवं बाल विकास**

**261** **Sh. Chaudhary Zubair Ahmad (Seelampur):**

**Women and Child Development:-**

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि:

(क) रु.2500 महिला वित्तीय सहायता योजना (महिला सम्मान राशि) - क्रियान्वयन समिति की कार्रवाई एवं फाइल की टिप्पणियां उपलब्ध कराएं व यह भी बताएं कि 2025-26 के बजट में घोषित इस प्रस्तावित योजना के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) इस योजना के क्रियान्वयन के लिए कुल बजटीय आवंटन कितना है, यह राशि किस विशिष्ट मद के अंतर्गत चिह्नित की गई है तथा क्या दिसंबर 2025 तक यह राशि महिला एवं बाल विकास विभाग को जारी कर दी गई है;

(ग) इस योजना की औपचारिक स्वीकृति हेतु, दिल्ली मंत्रिमंडल द्वारा कैबिनेट नोट किस तिथि को पारित किया गया;

(घ) योजना के क्रियान्वयन दिशा-निर्देशों, पात्रता मानदंडों एवं सत्यापन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने हेतु गठित उच्चस्तरीय समिति के सभी सदस्यों के नाम व पदनाम, मार्च 2025 से दिसंबर 2025 तक आयोजित सभी बैठकों के मिनट्स की प्रतियां तथा योजना के क्रियान्वयन (रोल आउट) के संबंध में समिति द्वारा अंतिम सिफारिशों की जानकारी प्रदान करें;

(ङ) योजना के आरंभ होने की तिथि व लाभार्थी पात्रता मानदंडों से संबंधित, महिला एवं बाल विकास, वित्त तथा योजना विभागों के बीच हुई सभी आंतरिक पत्राचार व एतद्संबंधी फाइल नोटिंग की प्रतियां प्रदान करें;

(च) क्या यह सत्य है कि उपराज्यपाल से सैद्धांतिक (इन प्रिंसिपल) स्वीकृति न मिलने अथवा वित्तीय प्रभावों को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्रालय की चिंताओं के कारण इस योजना में विलंब हो रहा है; और

(छ) दिसंबर 2025 तक इस योजना के अंतर्गत कितनी महिलाओं ने सफलतापूर्वक पंजीकरण कराया है व उनमें से कितनी महिलाओं को वास्तव में रु.2500 की पहली किस्त प्राप्त हो चुकी है?

----

**WCD**

**262 Sh. Jarnail Singh (Tilak Nagar):**

**Women and Child Development:-**

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि:

(क) महिला समृद्धि योजना की घोषणा/प्रस्ताव को एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के

बावजूद अब तक क्या प्रगति हुई है;

(ख) योजना की वर्तमान स्थिति, अब तक किए गए प्रशासनिक/वित्तीय निर्णयों तथा लागू करने में हुई देरी (यदि कोई) के कारणों का विवरण दिया जाए;

(ग) क्या महिला समृद्धि योजना के लिए पंजीकरण शुरू कर दिया गया है;

(घ) यदि नहीं, तो पंजीकरण कब से शुरू किया जाएगा, इसकी स्पष्ट समय-सीमा बताई जाए;

(ड.) महिला समृद्धि योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को आवेदन करने के लिए क्या कोई विशेष समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(च) यदि हाँ, तो उस समय-सीमा तथा आवेदन प्रक्रिया का विवरण दिया जाए;

(छ) क्या सरकार महिला समृद्धि योजना के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन की निगरानी के लिए किसी स्वतंत्र समिति/तंत्र के गठन की योजना बना रही है;

(ज) यदि हाँ, तो उसका विस्तृत विवरण दिया जाए;

(झ) दिल्ली में महिला समृद्धि योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह ₹2,500 की राशि कब से प्राप्त होना शुरू होगी; और

(ट) कृपया संभावित तिथि/समय-सीमा का स्पष्ट विवरण दिया जाए?

----

## महिला एवं बाल विकास

**263 Mr. Ashok Goel (Model Town):**

**Women and Child Development:-**

क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि:

(क) मॉडल टाउन विधान सभा में कितने आंगनवाड़ी केंद्र हैं, विवरण दें;

(ख) मॉडल टाउन विधान सभा में आंगनवाड़ी केंद्रों पर कितने बच्चे लाभ ले रहे हैं, विवरण दें;

(ग) मॉडल टाउन विधान सभा में आंगनवाड़ी केंद्रों के सभी कर्मचारियों का विवरण दें;

(घ) आंगनवाड़ी केंद्र स्थापित करने संबंधी मानकों का विस्तार से विवरण दें;

(ड.) क्या मॉडल टाउन विधान सभा के सभी आंगनवाड़ी केंद्र इन मानकों पर खरे उतरते हैं, विवरण दें;

(च) यदि नहीं, तो उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई, उसका क्या परिणाम हुआ, विस्तारपूर्वक विवरण दें;

(छ) मॉडल टाउन विधान सभा के विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली योजना के लाभार्थियों का विस्तार से विवरण दें; और

(ज) मॉडल टाउन विधान सभा के आंगनवाड़ी केंद्रों के निरीक्षण तथा उनके सुधार हेतु क्या कार्य किये गये, विवरण दें?

----